दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। मंगलवार 24 जून-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 185 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# एडिशनल सीपी ने की कांवड़ यात्रा को लेकर बड़ी मीटिंग
# कांवड़ रूट के एसीपी और थाना प्रभारियों को किया गया ब्रीफ

## - लगभग 52 किलोमीटर के हिस्से की सुरक्षा करेगी गाजियाबाद पुलिस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सावन मास में आने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अधिकारियों ने मीटिंग शुरू कर दी है। सोमवार को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी के नेतृत्व और निर्देशन में बड़ी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कांवड़ यात्रा और यात्रा मार्ग पर आने वाले शिविर के साथ अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई है। इस मीटिंग में लगभग 52 किलोमीटर के लंबे रास्ते की सुरक्षा से लेकर अन्य इंतजाम क्या रहेंगे, इसको लेकर एडिशनल सीपी द्वारा दिशा निर्देश दिए गए हैं। पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्रा वाली इस मीटिंग में जहां 30 जून तक सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का निर्देश दिया गया है। तो वहीं बताया गया है की कांवड़ यात्रा मार्ग पर इस बार 165 के आसपास कांवड़ शिविर संचालित किए जाएंगे। वहीं सुरक्षा के लिहाज से 50 वॉच टावर, 20 चिकित्सा शिविर, 300 से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी सुरक्षा कवच और 50 मोबाइल टॉयलेट का भी इंतजाम किया जाएगा। साथ ही प्रमुख मंदिरो, बड़ी सोसाइटियों और मोदीनगर- मुरादनगर इलाके में खास बैरिकेडिंग कराई जाएगी ताकि सड़क पर दोपहिया और चौपाहिया वाहन ना आएं और जाम की स्थिति न बनने पाए। फिलहाल अभी रूट डॉयवजन कब से होगा, यह फाइनल नहीं किया गया है।



## बीट अधिकारी संभालेंगे कांवड़ यात्रा में 750 मीटर की सुरक्षा और अन्य व्यवस्था

करंट क्राइम : पुलिस अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारियों, एसीपी और बीट पुलिस अफसरों को निर्देश दिए गए हैं की कांवड़ यात्रा के दौरान पूरी मुस्तैदी रखनी होगा। वहीं पूर्व में हुई घटनाओं का सबक लेते हुए इस बार कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए मीटिंग की गई थी। इस मीटिंग में बताया गया है कि हर 750 मीटर की दूरी का जिम्मा प्रत्येक बीट अधिकारी के पास रहेगा। जो यहां आने वाले प्रमुख स्थानों, प्रमुख समुदायों के धर्मस्थल और बाजारों से लेकर अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर काम करेंगे और कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर बनाने में अपना योगदान देंगे।

## कांवड़ यात्रा के प्रमुख स्थान और कंट्रोल रूम

करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने और सीसीटीवी की मॉनिटरिंग के लिए मेरठ रोड स्थित ट्रैफिक ऑफिस को कंट्रोल रूम के रूप में विकसित किया जाएगा। जहां लगभग 300 सीसीटीवी की मॉनिटरिंग बड़ी स्क्रीन पर होगी। यहां राउंड द क्लॉक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। कांवड़ रूट के दौरान मुरादनगर, गंगनहर घाट, दूधेश्वरनाथ मंदिर, दिल्ली गेट स्थित देवी मन्दिर, सुराना शिव मन्दिर, मोदीनगर स्थित मन्दिर हैं। सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य कन्ट्रोल रूम मोदीनगर राजचोपला, मुरादनगर गंगनहर, मेरठ तिराहा, टीलामोड़ व जिला मुख्यालय कन्ट्रोल रूम हैं।

## गलियों और चौक पर रोका जाएगा बैरिकेडिंग लगाकर ट्रैफिक

करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को कंट्रोल करना चुनौती रहता है। ऐसे में जाम ना लगे और आमजन कम परेशान हो,




इसको लेकर लगभग 10 स्थानों पर अतिरिक्त बैरिकेडिंग लगाया जाएगा ताकि गली और चौक वाले वाहन कांवड़ यात्रा वाले मार्ग पर ना आ सकें। वहीं करीब 10 प्रमुख स्थान ऐसे रहेंगे, जहां पर यातायात पुलिसकर्मी जो ट्रैफिक से कांवड़ यात्रा में ड्यूटी देंगे। उनको छह-छह घंटे के लिए तैनात किया जाएगा ताकि वह पूरी तत्परता के साथ गर्मी और भीड़ के बीच ड्यूटी ठीक प्रकार से दे पाएं।

## कांवड़ मार्ग पर ही लगेंगे शिविर, दूसरी दिशा में चलेंगे वाहन

करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा मार्ग पर एक ही दिशा में शिविर लगेंगे और इस मार्ग पर शिवभक्त चलेंगे, जबकि दूसरे मार्ग पर वाहनों का संचालन रहेगा। ऐसे में जो कांवड़ शिविर पिछले साल सड़क के दोनों और लगे थे, इस बार उन्हें केवल कांवड़ मार्ग पर ही लगाने का निर्देश अधिकारियों द्वारा दिया गया है।





## कांवड़ यात्रा के महत्वपूर्ण प्वाइंट्स



- इस वर्ष कांवड़ यात्रा के दौरान 165 के आसपास शिविर लगाए जाएंगे।
- कांवड़ यात्रा मार्ग की दूरी लगभग 52 किलोमीटर के आसपास रहेगी, जो कदराबाद से लेकर दिल्ली बॉर्डर तक है।
- 30 जून तक मुख्य कांवड़ मार्ग पर सभी तरीके के गड्ढे मुक्त करने होंगे।
- कांवड़ मार्ग पर पेड़ों की छंटाई, घास को हटवाना और रोशनी का प्रबंध करना होगा।
- 50 वॉच टावर कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा के लिहाज से खड़े किए जाएंगे।
- 20 चिकित्सा शिविर भी रहेंगे मौजूद।
- 50 मोबाइल टॉयलेट की रहेगी कांवड़ मार्ग पर व्यवस्था।

> कांवड़ यात्रा को लेकर सोमवार को बड़ी मीटिंग की गई है। जिसमें पुलिस के अधिकारियों और थाना प्रभारियों से लेकर बीट अफसर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही पुलिसकर्मियों का ड्यूटी चार्ट बनाया जाएगा। साथ ही पुलिस कर्मियों की ड्यूटी किन-किन पॉइंट पर कितने समय रहेगी यह भी सुरक्षा कर्मियों को पहले ही जानकारी दी जाएगी। अभी ट्रैफिक डॉयवर्जन को लेकर तिथि फाइनल होना शेष है।
>
> आलोक प्रियदर्शी ,एडिशनल सीपी, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद



# 26 जून को गाजियाबाद आ रहे हैं सीएम योगी आदित्यनाथ

### साहिबाबाद में रहेगा सरकारी कार्यक्रम, लेंगे भाग



## - सुरक्षा के लिए कई शहरों से आएंगे पुलिस के अधिकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 जून को गाजियाबाद में आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि वह साहिबाबाद स्थित सेल इंडिया के एक बड़े आयोजन में भाग लेंगे। वह कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे, जहां वह यहां के प्रमुख अधिकारियों से मिलने के साथ ही अपना संबोधन भी देंगे।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का फाइनल होना अभी बाकी है लेकिन पुलिस- प्रशासन और अन्य एजेंसियों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर अपने स्तर से तैयारी शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार 24 तारीख से अन्य जनपदों से आने वाले पुलिसकर्मियों को भी बुलाने का आदेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में आना है, इसको लेकर सुरक्षा का कड़ा पहरा भी रहेगा।

## सीएम हिंडन पर होंगे लैंड और फिर लेंगे कार्यक्रम में भाग

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम साहिबाबाद यानी ट्रांस हिंडन जोन में होना है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की सड़क से लेकर कार्यक्रम स्थल तक ड्यूटी लगाई जाएगी। तो वहीं उनकी फ्लीट से लेकर बुलेट प्रूफ गाड़ियों का भी प्रबंध किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम को लेकर गाजियाबाद में प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बताया जा रहा है कि इस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री दिल्ली भी रवाना हो सकते हैं।

# विश्वयुद्ध की आहट! : ईरान के समर्थन में खुलकर सामने आए रूस और चीन

## पुतिन बोले- तेहरान को देंगे हरसंभव मदद

**नई दिल्ली।** इस्त्राइल और ईरान के बीच 10 दिनों से चल रहे संघर्ष के चलते आज दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध का खतरा बढ़ गया है। वहीं ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद रूस ने सोमवार को ईरान को हरसंभव मदद देने का वादा किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बढ़ते तनाव के बीच सोमवार रूस ने कहा है कि वह ईरान को हर तरह की मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान को किस तरह की मदद चाहिए, यह फैसला तेहरान को करना है। पेसकोव ने कहा कि हमने ईरान को मध्यस्थता की पेशकश की है। यह हमारी तरफ से एक ठोस मदद है। ईरान को जो भी जरूरत होगी, हम उसके अनुसार मदद करने को तैयार हैं।

रूस ने ईरान और इस्त्राइल के बीच चल रहे तनाव को लेकर भी अपना पक्ष साफ किया है। पेसकोव ने कहा कि रूस का यह रुख भी ईरान के लिए समर्थन का एक अहम तरीका है।




उन्होंने कहा कि हमने इस मुद्दे पर खुलकर अपना पक्ष दुनिया के सामने रखा है। यह भी ईरान के प्रति हमारे समर्थन का संकेत है। पेसकोव ने यह भी बताया कि हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बातचीत में ईरान का मुद्दा कई बार उठा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और ट्रंप की हाल की बातचीत में ईरान का जिक्र कई बार हुआ है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हुए अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोमवार को मॉस्को में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात के दौरान इन हमलों को बेवजह बताया। पुतिन ने कहा कि आप ऐसे समय रूस आए हैं जब आपके देश और पूरे क्षेत्र में हालात काफी तनावपूर्ण हैं। उन्होंने अमेरिकी हमलों को गलत ठहराते हुए कहा कि रूस ईरानी जनता की हर संभवमदद करने की कोशिश कर रहा है। पुतिन ने आगे कहा कि हम ईरानी लोगों की मदद के लिए अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं।

संबंधित खबर, पृष्ठ 7

# सुबह की ताजगी के साथ जनता से बात, भा रहा है पब्लिक को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का ये अंदाज







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आमतौर पर ये होता है कि जब कोई भी नेता जनप्रतिनिधि बन जाता है और वो सरकार में मंत्री बन जाता है तो वो अपने घर पर दरबार लगाने लगता है, लेकिन देश की सबसे बड़ी विधानसभा के सबसे बड़ी जीत वाले विधायक और अब सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा जनता के द्वार जा रहे हैं। वो जनता से सुबह सवेरे संवाद कायम कर रहे हैं। सुनील शर्मा सुबह सवेरे अपनी विधानसभा में वार्डों में जा रहे हैं वो सुबह सवेरे पार्कों में पहुंचकर जनता से सीधा संवाद कायम कर रहे हैं। जनता भी अपने कैबिनेट मंत्री को अपने विधायक को इतनी सुबह अपने बीच पाकर प्रसन्न हैं।

ये सुनील शर्मा का अंदाज है और वो यहां लोगों से मिलते हैं, जनता से बात करते हैं और एक संदेश वो देने में सफल हो रहे हैं कि आपकी सरकार आपके द्वार है। ये एक अच्छी पहल राजनीति में उन्होंने स्थापित की है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा वार्ड में चौपाल लगा रहे हैं, जनता के मुद्दों पर जनता से बात कर रहे हैं। सबसे खास बात ये है कि सुबह-सवेरे पार्कों में इस मुलाकात में जनता अपने मंत्री से सवाल भी करती है और मंत्री सुनील शर्मा जवाब भी देते हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का ये अंदाज उनकी विधानसभा में उन्हें एक अलग ही टीआरपी दे रहा है। वो सुबह-सवेरे जनता के बीच हैं।

## कहीं सुबह की ये सैर 2027 का आगाज तो नहीं

करंट क्राइम। सुनील शर्मा सियासत के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। वो जानते हैं कि किस तरह से अपनी कर्मभूमि में अपनी बादशाहत को कायम रखना है। इसका मुलाहिजा वो दस में दस मंडल अध्यक्ष अपनी पसंद के लाकर दिखा चुके हैं। पूर्वांचल से लेकर उत्तरांचल तक वो संस्कृति सद्भाव के साथ अपनी पकड़ दिखा चुके हैं और अब जब सुबह-सवेरे वो जनता के साथ हैं तो इसे चुनावी रण 2027 का आगाज माना जा रहा है। सुनील शर्मा इस गेम को अच्छी तरह जानते हैं और वो सुबह की सैर के साथ ये संदेश दे रहे हैं कि मैं आपके बीच हूं और सियासत वाले इसे 2027 के चुनावी रण से जोड़कर देख रहे हैं।

## सुप्रभात के साथ इन वार्डों में की है कैबिनेट मंत्री ने बात

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दस जून से अपने इस सुप्रभात अभियान की शुरूआत की। इसका स्लोगन भी उन्होंने ह्यसुबह की ताजगी के साथ जनता से बातह्न दिया है। 10 जून को उन्होंने वैशाली की राम वाटिका में जनसंपर्क किया। 12 जून को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा वसुंधरा सेक्टर-5 के आदर्श पार्क में पहुंचे और लोगों से बात की। 14 जून को सुनील शर्मा वार्ड-54 सेक्टर-5 वसुंधरा में पहुंचे और उन्होंन जनता के बीच बैठकर जनता से बात की। 14 जून को ही सुनील शर्मा ने प्रहादगढ़ी के वार्ड-36 में लोगों से सुबह-सवेरे मुलाकात की। 22 जून को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा राजेंद्र नगर में कस्तूरबा पार्क में पहुंचे और उन्होंने इसके अलावा बोट क्लब पार्क वार्ड-86 में लोगों से मुलाकात की। इन सभी मुलाकातों में खास बात ये है कि वो यहां वार्ड के जनप्रतिनिधि को साथ लेना नहीं भूले। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में वहां के पार्षद को साथ लिया और उन्हें साथ लेकर जन समस्याओं के समाधान के लिये चौपाल लगाई।

# दिल्ली के कई इलाकों में झमाझम बारिश, गर्मी-उमस से मिली राहत

## आज मानसून के पहुंचने की संभावना, मौसम विभाग ने किया येलो अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली के पॉश इलाके चाणक्यपुरी में सोमवार को झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग ने दिल्ली में अगले दो दिनों के लिए यलो अलर्ट जारी किया हुआ है। वहीं दूसरी तरफ 25 से 28 जून तक तेज बारिश की संभावना है। दिल्ली के कुछ इलाकों में बीते रविवार को हल्की बारिश से तापमान सामान्य से कम दर्ज हुआ। उम्मीद है कि पूरे सप्ताह तापमान सामान्य से कम रहेगा। हालांकि बारिश की उम्मीद काफी कम है।

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र नई दिल्ली के मुताबिक रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं दिल्ली का न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

बीते रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक दिल्ली में 1.2 एमएम बारिश दर्ज हुई। इस दौरान दिल्ली के पालम और लोधी रोड क्षेत्र में बारिश ट्रेस हुई। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि सोमवार को कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर गरज के साथ बारिश, बिजली चमकने के साथ तेज हवाएं (गति 30-40 किमी प्रति घंटा) चलने का अनुमान है। आशंका है कि गरज के साथ हवा की गति अस्थायी रूप से 50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।



दिल्ली के पॉश इलाके चाणक्यपुरी में झमाझम बारिश




# उपचुनाव के नतीजे : गुजरात में आप और भाजपा ने जीती एक-एक सीट

## केरल में कांग्रेस, बंगाल में टीएमसी को बढ़त

**नई दिल्ली।** गुजरात, पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल की पांच सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे सोमवार को जारी किए गए। गुजरात की दो सीटों में एक पर आम आदमी और एक पर भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है। ऐसे ही पंजाब में आप, बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और केरल कांग्रेस उम्मीदवार बढ़त बनाए हुए हैं। उपचुनाव 19 जून को कराए गए थे।

### केरल की नीलांबूर सीट

केरल में पिनराई विजयन के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार को बड़ा झटका देते हुए कांग्रेस के यूडीएफ उम्मीदवार आर्यदान शौकत ने नीलांबुर विधानसभा उपचुनाव में एलडीएफ के सीपीआई(एम) के एम स्वराज को 11,077 मतों के बड़े अंतर से हराया। चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार, 19 राउंड की मतगणना के बाद शौकत को 77,737 वोट मिले थे, जो सीपीएम के एम स्वराज से 11,077 वोटों की बढ़त थी। यह सीट मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अगुवाई वाली वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के लिए प्रतिष्ठा से जुड़ी मानी जा रही थी। यह सीट पीवी अनवर के इस्तीफे से खाली हुई थी। भाजपा की तरफ से एडवोकेट मोहन जॉर्ज मैदान में थे।




### पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट

लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में आम आदमी पार्टी जीत गई है। आप के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने पहले राउंड से बढ़त बनाए रखी जो आखिरी राउंड तक कायम रही। कांग्रेस के भारत भूषण आशु दूसरे नंबर पर रहे। भाजपा के जीवन गुप्ता को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। उपचुनाव में आप को 35179 वोट मिले। कांग्रेस के भारत भूषण आशु को 24542 मत मिले। भाजपा के जीवन गुप्ता को 20323 वोट मिले। शिअद के परउपकार सिंह घुम्मण 8203 वोट ही ले पाए। वहीं 793 लोगों ने नोटा का बटन दबाया।

**पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट :** लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में आम आदमी पार्टी जीत गई है। आप के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने पहले राउंड से बढ़त बनाए रखी जो आखिरी राउंड तक कायम रही।

कांग्रेस के भारत भूषण आशु दूसरे नंबर पर रहे। भाजपा के जीवन गुप्ता को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। उपचुनाव में आप को 35179 वोट मिले। कांग्रेस के भारत भूषण आशु को 24542 मत मिले। भाजपा के जीवन गुप्ता को 20323 वोट मिले। शिअद के परउपकार सिंह घुम्मण 8203 वोट ही ले पाए। वहीं 793 लोगों ने नोटा का बटन दबाया।

### गुजरात की विसावदर सीट

विसावदर सीट पर आम आदमी पार्टी के पूर्व राज्य अध्यक्ष गोपाल इटालिया ने जीत दर्ज कर ली है। उन्होंने भाजपा उममीदवार किरीट पटेल को 17554 वोटों से हराया। यह सीट आप विधायक भूपेंद्र भायाणी के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। कांग्रेस उममीदवार के नितिन रणपरिया तीसरे नंबर पर रहे।

# लालू यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया

## 28 वर्षों से लालू प्रसाद आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भर दिया है। उन्होंने यह नामांकन सोमवार को राजद के प्रदेश कार्यालय में किया। उनके साथ उनके छोटे बेटे तेजस्वी यादव, पत्नी राबड़ी देवी और पार्टी के कई बड़े नेता भी थे।

लालू यादव पार्टी बनने के समय से ही राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और माना जा रहा है कि वो फिर से इस पद पर चुने जाएंगे। 5 जुलाई को उन्हें औपचारिक रूप से अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। लालू यादव ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन 2025-2028 के सांगठनिक सत्र के लिए है। लालू यादव पिछले 28 सालों से लगातार इस पद पर बने हुए हैं। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राजद में सांगठनिक चुनाव हो रहे हैं। हाल ही में, पूर्व मंत्री मंगनी लाल मंडल को राजद का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है. उन्हें निर्विरोध चुना गया है।




**लालू प्रसाद ने अध्यक्ष के तौर पर 12 कार्यकाल :** लालू यादव के नामांकन भरने के बाद तेजस्वी यादव ने अपनी बात रखी। तेजस्वी ने कहा कि लालू यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर 12 कार्यकाल पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि अब आने वाले दिनों में भी उम्मीद है कि लालू यादव के नेतृत्व में पार्टी को आगे भी जीत मिलेगी। राजद कार्यालय में नामांकन के दौरान कई बड़े नेता मौजूद थे। लालू यादव के परिवार और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने इस मौके को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। लालू यादव का लगातार राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहना पार्टी में उनकी मजबूत पकड़ को दिखाता है।

**लालू की झलक पाने के लिए कार्यकर्ता रहे बेताब :** बड़ी संख्या में आरजेडी कार्यकर्ता नेता की एक झलक पाने के लिए पार्टी कार्यालय पहुंचे थे। तेजस्वी ने कहा कि लालू जी के कार्यकाल पूरा करने और एक और कार्यकाल के लिए तैयार होने पर पार्टी कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। हमें विश्वास है कि उनका नेतृत्व हमें आने वाले दिनों में जीत की ओर ले जाएगा।

**तेजस्वी को सीएम बनाना है लक्ष्य :** गौरतलब है कि पिछले सप्ताह पार्टी की राज्य परिषद की बैठक में प्रसाद ने आरजेडी कार्यकताओं से तेजस्वी यादव को बिहार का अगला मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ आगामी विधानसभा चुनावों में उतरने का आह्वान किया था।

# पटनाः स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर

## जनसुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के सरकारी आवास का घेराव करने सोमवार को जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता चार ट्रेलर रोड पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर वहां भारी संख्या में पुलिस बल पहले से ही तैनात था।

प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान अफरा-तफरी और धक्का-मुक्की भी हुई। बाद में पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर पुलिस वाहन से थाने भेज दिया। यह पूरा मामला पटना के पोलो रोड क्षेत्र का है, जहां मंत्री का सरकारी आवास स्थित है।



दरअसल, यह विरोध प्रदर्शन मुजफ्फरपुर के कुढ़नी रेप कांड की पीड़िता की मौत के बाद किया गया था। आरोप है कि पटना के पीएमसीएच अस्पताल में पीड़िता को समय पर और उचित इलाज नहीं मिल सका, जिससे उसकी मौत हो गई। इसको लेकर जन सुराज पार्टी समेत अन्य विपक्षी दलों ने राज्य की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं।


जन सुराज पार्टी ने स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय से इस्तीफे की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की और मंत्री को पद से हटाने की मांग की। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया।

# एक बार फिर बिहार में अधिकारियों का हुआ ट्रांसफर

## 7 आईपीएस बदले गए, पटना के आईजी अब जितेंद्र राणा

**पटना।** राज्य सरकार ने सोमवार को सात आइपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। हाल ही में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे 2005 बैच के आइपीएस अधिकारी जितेंद्र राणा को केंद्रीय क्षेत्र, पटना का नया पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) बनाया गया है। जितेंद्र राणा की पहचान तेज तर्रार आइपीएस अधिकारी की रही है वह इसके पूर्व पटना एसएसपी की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।

अभी तक पटना आइजी की जिम्मेदारी संभाल रहीं गरिमा मलिक को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो का नया आइजी बनाया गया है। तकनीकी सेवाएं एवं संचार के आइजी राकेश राठी को विशेष शाखा के आइजी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की आइजी एस प्रेमलथा को तकनीकी सेवाएं एवं संचार का आइजी बनाया गया है।



गृह विभाग ने सोमवार को इससे जुड़ी अधिसूचना जारी कर दी है। सिवान के पुलिस अधीक्षक (एसपी) भी बदल गए हैं। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) के एसपी रहे मनोज कुमार तिवारी को सिवान के नए एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। अभी तक सिवान एसपी का पद संभाल रहे अमितेश कुमार को विशेष शाखा का एसपी (सुरक्षा) बनाया गया है। बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के एसपी सह सहायक निदेशक के रामदास को सीआइडी एसपी बनाया गया है।

बता दें कि इसके पहले 14 जून को राज्य सरकार ने डेढ़ दर्जन आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया था। राजधानी पटना के साथ जहानाबाद, जमुई, समस्तीपुर, पूर्णिया और सुपौल जिले के एसएसपी बदले गए थे। मुजफ्फरपुर को भी नया नगर और ग्रामीण एसपी मिला है। अवकाश कुमार को पटना एसएसपी (वरीय पुलिस अधीक्षक) के पद से हटाते हुए बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-1, पटना का समादेष्टा बनाया गया था। पूर्णिया के एसपी रहे कार्तिकेय के शर्मा को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए पटना का नया एसएसपी बनाया गया था।

# क्रॉस वोटिंग करने वाले 7 में से 3 विधायकों पर ही चला सपा का हंटर, 4 को क्यों बख्श दिया?

**लखनऊ।** फरवरी 2024 में हुए राज्यसभा चुनाव के दौरान पाला बदलकर भाजपा का साथ देते हुए क्रॉस वोटिंग करने वाले 7 में से 3 विधायकों मनोज कुमार पांडेय, राकेश प्रताप सिंह और अभय सिंह को समाजवादी पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। जबकि 4 अन्य विधायकों राकेश पांडे, विनोद चतुर्वेदी, पूजा पाल और आशुतोष मौर्या के खिलाफ अभी तक कार्रवाई नहीं की है। कहा जा रहा है कि अच्छे व्यवहार के कारण अल्टीमेटम देकर इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इस ऐक्शन के बाद पार्टी के कुछ नेताओं का कहना है कि निष्कासित किए गए तीनों विधायक लगातार पीडीए के खिलाफ बोल रहे थे इसीलिए अब उन पर कार्रवाई की गई है। जबकि चार अन्य का हृदय परिवर्तन देखने को मिला है। इसी वजह से उन पर ऐक्शन नहीं लिया गया है। बता दें कि 27 फरवरी को राज्यसभा की 10 सीटों के लिए हुए चुनाव में सपा के 7 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग करते हुए भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ के पक्ष में वोट दिया था। इसके बाद ही सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने बागी विधायकों की पार्टी में वापसी की संभावना से इनकार करते हुए कह दिया था कि इन पर कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी। बताया जाता है कि कुछ बागी विधायकों की वापसी के लिए पार्टी के नेताओं ने पैरवी की तो सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दो टूक मना कर दिया। उन्होंने कहा कि किसी को वापस नहीं लिया जाएगा।

हालांकि इसके बाद आए लोकसभा चुनाव के चलते बागियों के खिलाफ कार्रवाई का मुद्दा पीछे चला गया था। बाद में लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए प्रचार करने में इन बागियों की भूमिका तलाशने और उसके प्रमाण जुटाने की कोशिशें भी हुईं। इनकी सदस्यता खत्म कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाने की संभावना तलाशी गई।



### इन सात विधायकों ने की थी क्रॉस वोटिंग

राज्यसभा चुनाव में सपा के जिन 7 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी उनमें गौरीगंज सीट से विधायक राकेश प्रताप सिंह, ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज पांडेय, गोसाईगंज सीट से विधायक अभय सिंह, कालपी से विधायक विनोद चतुर्वेदी, बिसौली से विधायक आशुतोष मौर्य, चायल से विधायक पूजा पाल और जलालाबाद से विधायक राकेश पांडेय शामिल थे। इनके अलावा अमेठी से विधायक महाराजी देवी वोटिंग के दौरान गैर हाजिर रही थीं।

# पक्षी टकराने की वजह से एयर इंडिया ने रद्द की फ्लाइट

## तिरुवनंतपुरम से दिल्ली जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 2455 कैंसिल

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने पक्षी टकरा जाने के कारण तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आने वाली अपनी फ्लाइट रद्द कर दी। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि यह सूचित करते हुए खेद है कि उड़ान संख्या एआई2455 को विमान के तिरुवनंतपुरम में सुरक्षित उतरने के बाद संदिग्ध पक्षी के टकराने का पता चला। इसके बाद इंजीनियरिंग जांच के कारण इसकी वापसी रद्द कर दी गई। यात्रियों को दिल्ली ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

एयर इंडिया को अपनी तिरुवनंतपुरम से दिल्ली की निर्धारित उड़ान को पक्षी से टकराने की आशंका के कारण रद्द करना पड़ा। रविवार को तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई2455 को रद्द कर दिया गया। दिल्ली से तिरुवनंतपुरम पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट एआई2454 के लैंडिंग के समय संदिग्ध पक्षी से टकराने की खबर के बाद फ्लाइट रद्द की गई।




एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि यह सूचित करते हुए खेद है कि 22 जून 2025 को तिरुवनंतपुरम से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एआई2455 को विमान के तिरुवनंतपुरम में सुरक्षित उतरने के बाद संदिग्ध पक्षी के टकराने का पता चलने के बाद इंजीनियरिंग जांच के कारण रद्द कर दिया गया है। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हम खेद व्यक्त करते हैं। यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। यात्रियों को दिल्ली ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस मिलकर प्रतिदिन 1100 से अधिक उड़ानें संचालित करते हैं, जिनमें 150000 से अधिक यात्री यात्रा करते हैं। एयरलाइन ने अपने बयान में कहा कि एयर इंडिया ने सुरक्षित संचालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए स्वेच्छा से उड़ान से पहले सुरक्षा जांच बढ़ाई है और सेवाओं में अस्थायी कटौती की है।

बयान में कहा गया है कि सभी प्रयासों के बावजूद हवाई यातायात की भीड़, देश के कुछ हिस्सों में खराब मौसम और अन्य बाहरी कारणों की वजह से कुछ उड़ानें विलंबित या रद्द हो जाती हैं। हम देरी या रद्दीकरण के मामले में असुविधा को कम करने के लिए यात्रियों को समय से पहले सूचित करते हैं। लेकिन कभी-कभी कुछ चुनौतियों के कारण अंतिम समय में व्यवधान उत्पन्न हो जाता है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# शहर में किसकी शह पर हो रही है सड़कों पर पार्किंग

## अस्पतालों के बाहर से लेकर पुलिस ऑफिस तक चल रही है मनमानी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक और जाम का मामला हमेशा पुलिस के अधिकारियों की प्राथमिकता पर रहता है। इसके बावजूद इन दिनों शहर के कई प्रमुख इलाकों और पार्किंग स्थलों पर पार्किंग संचालित करने वाले मनमाने ढंग से शहर की प्रमुख सड़कों पर वाहनों को खड़ा करवा रहे हैं। उनसे पैसों की वसूली करते हैं, जिससे आमजन को परेशानी होती है। सड़क पर अतिक्रमण बढ़ता है और फिर जाम से जनता को दो-चार होना पड़ता है। शहर के कई भीड़भाड़ वाले और मुख्य इलाकों में भी यही हाल है, जहां सड़क पर वाहनों के पार्किंग होने की वजह से आए दिन लोग परेशान होते हैं। सोमवार को दैनिक करंट क्राइम की टीम ने कई प्रमुख इलाकों का रियलिटी चेक किया। जहां अस्पताल के बाहर और पुलिस कमिश्नर ऑफिस के बाहर मुख्य सड़क पर वाहन पार्किंग मिली है। हैरानी की बात है की पार्किंग ठेकेदारों को जितनी जगह मिली है, वह उससे अधिक जगह पर अपने मनमाने ढंग से लोगों की पर्चियां काटते हैं और वाहनों को सड़क पर ही खड़ा करवाते हुए उनसे वसूली करते हैं।

### सड़क तक लगती हैं डबल लाइन, ऑन रोड हो रही है पार्किंग

**सीन 01**
**स्थान : नेहरू नगर**

**करंट क्राइम :** सोमवार को नेहरू नगर स्थित यशोदा अस्पताल में जहां नो पार्किंग का नगर निगम द्वारा बोर्ड लगाया गया है, उसी के ठीक सामने वाहनों की लंबी कतार बता रही है कि निगम के कायदे नियम और कायदे कानून ताकपर रखकर वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। इसके साथ ही हैरानी की बात है कि ठेके पर नगर निगम से पार्किंग लेने वाले ठेकेदार सड़क पर डबल-डबल लाइन में वाहनों को लगा देते हैं। जिससे लोगों को परेशान होना पड़ता है और चौड़ी सड़क की क्षमता भी कम हो जाती है। इसकी वजह से आमजन को परेशानी होती है, हालांकि यहां पर कई बड़े अस्पताल होने के बावजूद सड़क पर जिस तरह से जाम की स्थिति बनती है, वह भी खतरनाक है। कई बार जाम और वाहनों के गलत ढ़ग से खड़े होने की वजह से एंबुलेंस जैसे वाहन भी यहां फंस जाते हैं। जिससे मरीजों के साथ ही मार्ग से आने जाने वाले लोगों को भी जाम से दो चार होना पड़ता है। उधर यातायात पुलिस से लेकर नगर निगम के अधिकारियों को गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि मुख्य मार्गों पर वाहनों की पार्किंग बंद हो सके और सड़क पर बढ़ रहा अतिक्रमण भी कम किया जा सके।





### पुलिस ऑफिस के बाहर और मुख्य सड़क पर वाहनों का अंबार

**सीन 02**
**स्थान : पुलिस कमिश्नरेट ऑफिस**

**करंट क्राइम :** सोमवार को शहर की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है और जिला मुख्यालय से लेकर कचहरी में आने वाले लोगों की संख्या भी अधिक होती है। जिसके कारण पुलिस क मिश्नरेट गाजियाबाद के मुख्य ऑफिस के सामने सड़क के दोनों और लोग अपने वाहनों को खड़ा कर देते हैं। हैरानी की बात है कि यहां पर जो पार्किंग का ठेका है, वह सर्विस रोड के बराबर का है लेकिन मुख्य मार्ग पर खड़े होने वाले वाहन चालकों की भी पर्ची काटी जाती है और उनसे पैसे की वसूली होती है जबकि यह मुख्य मार्ग है और मुख्य मार्ग पर डबल लाइन में वाहनों की पार्किंग नियमों को ताक पर रखकर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही जिला मुख्यालय के लिए मुड़ने वाले कट पर जहां ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम द्वारा नो पार्किंग के बोर्ड लगा रखे हैं, वहां पर भी पार्किंग वाले अपनी मनमर्जी चला रहे हैं।






## सड़क पर पार्किंग वाले बढ़ा रहे हैं अतिक्रमण लगता है मुख्य मार्गों पर जाम

### नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस कब लेंगे एक्शन






**करंट क्राइम :** शहर के प्रमुख स्थानों पर मुख्य मार्गो पर होने वाली पार्किंग एक तरीके से नियमों के विरुद्ध है और सड़क पर यह अतिक्रमण बढ़ने का भी कारक है। बावजूद इसके नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस द्वारा इसको लेकर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाती है। जिसकी वजह से पार्किंग के ठेकेदारों और पार्किंग माफिया के तौर पर धंधा चमकाने वाले लोग बेधड़क होकर सड़कों पर वाहनों को लगवाने का काम कर रहे हैं।



सड़क पर वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। जहां पर शिकायत मिलती है, वहां चालान भी किए जाते हैं। कई बार भीड़ अधिक होने की वजह से यह समस्या उत्पन्न होती है।

**सच्चिदानंद, एडीसीपी ट्रैफिक गाजियाबाद**

नगर निगम के पार्किंग प्रभारी को निर्देश दिया गया है वह खुद मौके पर जाकर ऐसे स्थानों का निरीक्षण करेंगे और जहां आवश्यकता होगी वहां कार्रवाई भी कराई जाएगी।




**विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त गाजियाबाद**

# भगवा गढ़ में भाजपा अध्यक्षों का रहा है 50-50 का सिलसिला

## किसी को बहुत कुछ मिला और किसी को 'कुछ नहीं' मिला!









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत में ये कहा जाता है कि सदन का रास्ता सड़क से होकर जाता है, लेकिन अगर सियासत की डायरी को उठाएं तो ये पता चलता है कि सदन का रास्ता संगठन से होकर भी जाता है। संगठन संभालने वाले कई ऐसे चेहरे हैं जिन्होंने लोकसभा का सफर किया। कोई विधानसभा में माननीय होकर पहुंचा और किसी पर सरकारी कृपा हुई। भगवा गढ़ की बात करें तो यहां अध्यक्षों का सिलसिला कुछ ऐसा है कि किसी को बहुत कुछ मिला और किसी को कुछ नहीं मिला।

बालेश्वर त्यागी भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहे और वो फिर सरकार में तीन विभागों के मंत्री रहे। भाजपा के इतिहास की बात करें तो यहां कई ऐसे पुराने चेहरे हैं जिन्होंने संघर्ष के दिन देखे हैं। जिन्होंने पार्टी के लिये पसीना बहाया है और पॉलिटिकल मंदी के दौर में उन्होंने भाजपा की फ्लोवर क्यारी को सींचा है। भाजपा के अध्यक्षों की बात है तो यहां कुछ ऐसे हैं जिन्हें बहुत कुछ मिला और कुछ ऐसे हैं जिन्हें कुछ नहीं मिला। बालेश्वर त्यागी महानगर अध्यक्ष रहे और फिर वो संगठन से सरकार में पहुंचे। उत्तर प्रदेश में गृह राज्यमंत्री रहे, व्यापार कर मंत्री रहे औरप बेसिक शिक्षा मंत्री रहे। अध्यक्षों की बात करें तो यहां रमेश चंद तोमर भाजपा के जिलाध्यक्ष रहें और वो चार बाल लोकसभा सांसद रहे हैं। अध्यक्ष वाली इस कृपा कड़ी में सुनील शर्मा का भी नाम आता है।

सुनील शर्मा तीन बार से विधायक हैं और वो प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। इसके अलावा अगर इस सिजरे पर निगाह दौड़ाएं तो बलदेवराज शर्मा भाजपा के अध्यक्ष रहे हैं और वो भले ही विधानसभा नहीं पहुंचे, लोकसभा नहीं पहुंचे, लेकिन उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार में दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री बनाया गया। उनके पुत्र विपुल शर्मा को नामित पार्षद बनाया गया और उनके पौत्र शिवम शर्मा को कविनगर से पार्षद का टिकट मिला और वह अब निगम में पार्षद हैं। अध्यक्षों को बहुत कुछ मिला वाले सिलसिले में पूर्व अशु वर्मा का भी नाम आता है।

अशु वर्मा को संगठन की कमान भी मिली और विधानसभा का टिकट भी मिला, लेकिन वो विधानसभा चुनाव हार गए थे। हालांकि बाद में उन पर कृपा हुई और उन्हें मेयर चुनाव लड़ने का मौका मिला और वो मेयर भी रहे। कृपा के इस सिलसिले में शहर विधायक संजीव शर्मा का भी नाम आता है। संजीव शर्मा दो बार महानगर अध्यक्ष रहे और अब वो शहर विधायक हैं। अध्यक्ष से लेकर विधायक वाले सफर में नंदकिशोर गुर्जर का भी नाम आता है। नंदकिशोर गुर्जर भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे और फिर वो लगातार दूसरी बार लोनी से विधायक हैं।







### ऐसे ही नहीं बनी है गाजियाबाद भाजपा की सबसे सेफ सीट

**करंट क्राइम।** भाजपा की सबसे सेफ सीट गाजियाबाद मानी जाती है। ये इतनी प्रतिष्ठित सीट है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए राजनाथ सिंह यहां से लोकसभा चुनाव लड़े और जीते। जनरल वीके सिंह ने अपनी सियासी पारी की शुरूआत ही गाजियाबाद से की और रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल की। लगातार दो बार सांसद का चुनाव जीता। मेयर सीट का ये आलम है कि नगर निगम के गठन के बाद से भाजपा ने इस सीट पर किसी भी पार्टी को कब्जा नहीं करने दिया। सवाल यही है कि सबसे सेफ सीट गाजियाबाद ऐसे ही नहीं बन गई। इस सेफ सीट का बेस बनाने में भाजपा के कई फेस हैं। भाजपा के कार्यकर्ता नेटवर्क ने भाजपा के संगठन पदाधिकारियों ने लगातार मेहनत करके इस सीट को भाजपा के लिये अभेद दुर्ग बनाया है।

### नहीं है गिला, मगर कुछ नहीं मिला







**करंट क्राइम।** सरकारी कृपा की बात हो रही है और जहां एक तरफ कुछ चेहरों पर कृपा की ऐसी बरसात हुई कि वो विधानसभा पहुंचे, किसी को बत्ती वाली कार मिली और कुछ ऐसे भी हैं जिन पर कृपा का बदल बरसा नहीं। इस कड़ी में भाजपा के अध्यक्ष रहे दिवंगत भारतभूषण जैन का नाम आता है। विजय मोहन भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहे। क्षेत्रीय टीम में रहे और नगर निगम पार्षद टिकट के अलावा उनके हिस्से में कुछ नहीं आया। कृपा वाले बादल से दूर रहने वालों में स्व. चंद्रमोहन शर्मा का भी नाम है। चंद्रमोहन शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह से लेकर मेयर आशा शर्मा का चुनावी पर्चा भरवाया, लेकिन एक उम्मीदवार के रूप में खुद अपना पर्चा भरने का दिन उनकी जिंदगी में कभी नहीं आया। अशोक मोंगा दो बार अध्यक्ष रहे और विपक्ष वाले दिनों में उन्होंने पार्टी की कमान संभाली। मगर, जब पार्टी सत्ता में आई तो अशोक मोंगा का नाम जरूर कभी एमएलसी तो कभी विधानसभा के लिये चला, लेकिन सीन वही रहा कि उन्हें कुछ नहीं मिला। जब उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं थी तब सरकार बनाने के लिये संघर्ष वाले सीन में महानगर अध्यक्ष के रूप में अजय शर्मा थे। वो थाने घेर रहे थे, पुतले फूंक रहे थे, लेकिन जब सरकार आई तो कुछ ऐसा हो गया कि उन्हें ही थाने में पुलिस ने मुकदमें में दर्ज किया और महानगर अध्यक्ष वाली कुर्सी भी चली गई। उसके बाद वो क्षेत्रीय टीम में रहे, मोर्चे का दायित्व है मगर, सरकारी कृपा में सीन कुछ नहीं वाला रहा। मानसिंह गोस्वामी महानगर अध्यक्ष रहे हैं, पार्टी के प्रति समर्पित हैं मगर, उन्हें भी ना सदन में जाने का मौका मिला और ना सरकारी कृपा वाला मेवा मिला। सरदार एसपी सिंह भाजपा के महानगर संयोजक रहे हैं और उन्हें प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यक आयोग में सदस्य वाली जिम्मेदारी मिली थी। उसके बाद वो भी कृपा वाले इंतजार में हैं।





## जब पार्क में तिरंगा ना देखकर आया पूर्व मेयर को गुस्सा

### जताया विरोध और निगम अधिकारी को फोन मिलाया




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में कुछ चीजें स्मृति पटल पर अंकित हो जाती है। अपने कार्यकाल में जनप्रतिनिधि कुछ चीजों को मन से पूरा कराते हैं और भले ही वो जनप्रतिनिधि ना रहे और पूर्व हो जाएं लेकिन वो जब भी इन चीजों की तरफ जाते हैं तो उनकी स्मृति में वह पल ताजा हो जाते हैं। अशु वर्मा ने मेयर रहते हुए श्यामा मुखर्जी पार्क में सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज लगाने की शुरूआत की। यह राष्ट्रीय ध्वज ऊंचाई और साइज के हिसाब से अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इसके संचालन का ठेका भी किसी कंपनी को दिया गया था। सोमवार को जब पूर्व मेयर अशु वर्मा श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में पौधारोपण करने पहुंचे तो अचानक उनकी निगाह उनके कार्यकाल में लगाए गए ध्वज पोल पर पड़ी। यह पोल तो खड़ा था, लेकिन उस पर ध्वज नहीं था। यह देखकर पूर्व मेयर अशु वर्मा पारा हाई हो गया और उन्होंने मौके से ही सीधे निगम के प्रमुख अधिकारी को फोन मिलाया और उन्हें पूरा हाल बताया। निगम अधिकारी ने तत्काल ही मामले में संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की बात की। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने करंट क्राइम से बातचीत में ये कहा भी की बात सिर्फ पोल की नहीं है यह भाजपा से जुड़ी हमारी आस्था, देश के प्रति हमारी आस्था और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति हमारे सम्मान की है। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी हमारे प्रेरणा पुंज हैं और गाजियाबाद में सिर्फ एक मात्र यह पार्क उनके नाम पर बसाया गया। इस पार्क को मंत्री रहते हुए बालेश्वर त्यागी और सांसद रहते हुए रमेश चंद तोमर ने बनवाया था। उनके प्रयासों से यह पार्क तैयार हुआ। मेयर रहते हुए इस पार्क में सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लहराये, इसके लिये मैंने शुरूआत की और यहां पोल लगा। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराने का गौरव मेयर रहते हुए आशा शर्मा ने पूरा किया। यह पार्क और इसमें लहराता राष्ट्रीय ध्वज भाजपा के राष्ट्रवादी विचारों की एक बहार है। अशु वर्मा ने कहा कि जब मैंने यह खाली खंभा देखा तो यह स्थिति बेहद खराब लगी और मैंने निगम अधिकारियों को फोन मिलाया।



# गाजियाबाद में ढाई सौ करोड़ से नगर निगम शुरू करेगा कई प्रमुख प्रोजेक्ट्स

## क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास बनेगा भव्य मंडपम, म्यूजियम, अस्पताल और स्पोर्ट्स जोन के साथ ही नंदग्राम में ट्रैफिक पार्क भी होगा शुरू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** चीफ मिनिस्टर वैश्विक नगरोदय योजना के तहत शहरभर को बड़ा लाभ मिलने वाला है। गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में शहर हित को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ढाई सौ करोड़ के नए प्रोजेक्ट्स लाने की रणनीति बना रहा है। इस योजना को लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की है। साथ ही महापौर सुनीता दयाल से वातालाप कर शहर में चलने वाले ढाई सौ करोड़ के प्रोजेक्ट पर भी मंत्रणा की गई है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जानकारी दी है कि शहर को कई नए प्रोजेक्ट्स मिलने वाले हैं। जिससे शहर को अलग पहचान और यहां के लोगों को महत्वपूर्ण सुविधा मिलेगी। जल्द ही इन प्रोजेक्ट्स के लिए धनराशि तय कर काम शुरू करवाने की भी योजना बनाई जा रही है।




### शहर नजर आएगा ज्यादा स्मार्ट और हाईटेक

**करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का कहना है कि इन ढ़ाई सौ करोड़ रुपए के इन प्रोजेक्ट्स की कार्य योजना तैयार की गई है, अगर यह धरातल पर सफल होते हैं और इनका जल्द निर्माण कार्य शुरू होता है, तो इससे शहर को जहां सुंदर स्वरूप मिलेगा। तो वहीं यह हाईटेक योजना गाजियाबाद को अलग पहचान भी देने का काम करेंगी। इसको लेकर नगर निगम में सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक और कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया है।



### क्रॉसिंग में बनेगा भव्य मंडपम, तो स्पोर्ट्स जोन और ट्रैफिक पार्क भी रहेगा खास

**करंट क्राइम :** चीफ मिनिस्टर वैश्विक नगरोदय योजना के क्रम में शहर वासियों के लिए ढ़ाई सौ करोड़ रुपए के नए प्रोजेक्ट्स लाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम और उसके अधिकारी प्रयास कर रहे हैं। नगर आयुक्त द्वारा मुख्य निर्माण अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी के साथ महत्वपूर्ण कार्य योजना बनाई गई है। इसके तहत अधिकांश प्रोजेक्ट्स विजयनगर जोन में लाए जाएंगे। जिसमें भव्य मंडपम, क्रॉसिंग रिपब्लिक के आसपास बनाने की योजना है। तो वहीं म्यूजियम, अस्पताल और नगर विजयनगर क्षेत्र क्रॉसिंग में बनाए जाएंगे। इसके अलावा मोहन नगर क्षेत्र में शहीद नगर मेट्रो स्टेशन के आसपास शॉपिंग कांप्लेक्स बनाने की योजना बनाई गई है। तो नंदग्राम सिटी जोन अंतर्गत ट्रैफिक पार्क बनाने और एक भव्य स्पोर्ट्स जोन भी नंदग्राम इलाके में बनेगा। यह सभी कार्य चीफ मिनिस्टर वैश्विक नगरोदय योजना के क्रम में बनाया जाएगा।



## संपादकीय

# 'पुरानी संचालन शैली'

अहमदाबाद हादसे के बाद एअर इंडिया के कई विमानों में तकनीकी खराबी की शिकायतें सामने आईं। कई विमानों को उड़ान भरने से रोक दिया गया या उड़ान भरने के बाद वापस लौटा लिया गया। इससे यह तो जाहिर है कि एअर इंडिया खुद भी उचित सावधानी बरत रहा है।

अहमदाबाद विमान हादसे के बाद स्वाभाविक ही विमानन नियामक संस्था और खुद एअर इंडिया सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर सख्ती बरतती देखी जाने लगी हैं। इसी क्रम में नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए ने एअर इंडिया के कुछ विमानों में उड़ान नियमों के उल्लंघन का मामला चिह्नित किया है। उसने विमानन कंपनी के तीन बड़े अधिकारियों के खिलाफ आंतरिक अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा है। जांच में पाया गया कि एअर इंडिया के दो विमानों ने लंदन के लिए उड़ान भरते समय निर्धारित समय सीमा का उल्लंघन किया।

इस पर एअर इंडिया ने कहा है कि वह सभी नियमों का सख्ती से पालन करने को प्रतिबद्ध है। पर सवाल है कि अहमदाबाद विमान हादसा हो जाने के बाद ही क्यों डीजीसीए और एअर इंडिया को नियमों के पालन, विमानों की नियमित जांच और सुरक्षा मानकों की सुध आई है। इन्हें लेकर पहले ही गंभीरता क्यों नहीं बरती गई। हालांकि डीजीसीए लगातार विमानन कंपनियों के प्रबंधन, विमानों के संचालन, उनमें सुरक्षा संसाधनों, चालकों की कुशलता और प्रवीणता आदि पर नजर बनाए रखता है। कई बार कंपनियों के विमान चालकों को उनकी कुशलता आदि के आधार पर हटा चुका है। कुछ विमानों को भी उड़ान भरने से रोका है। फिर भी उड़ान संबंधी नियमों का समुचित पालन नहीं हो पा रहा, तो यह चिंता की बात है। हादसे के बाद भी तकनीकी खराबी की शिकायतें सामने आई अहमदाबाद हादसे के बाद एअर इंडिया के कई विमानों में तकनीकी खराबी की शिकायतें सामने आई। कई विमानों को उड़ान भरने से रोक दिया गया या उड़ान भरने के बाद वापस लौटा लिया गया। इससे यह तो जाहिर है कि एअर इंडिया खुद भी उचित सावधानी बरत रहा है। इसके बावजूद अगर उसकी उड़ानों में प्रबंधन संबंधी कुछ दिक्कतें दिखाई दे रही हैं, तो उसकी वजहें समझी जा सकती हैं। छिपी बात नहीं है कि एअर इंडिया पिछले करीब बीस वर्षों तक अपने प्रबंधन संबंधी शिथिल रवैए का आरोप झेलता रहा। यह सरकारी कंपनी थी और इसका सही ढंग से संचालन न हो पाने के कारण लगातार घाटे में चल रही थी। इसकी वजह से इसे बेचने का फैसला करना पड़ा।

जब टाटा समूह ने एअर इंडिया को खरीदा, तो उसने करार करके कहा कि वह इसमें काम करने वाले कर्मचारियों को अगले कुछ वर्षों तक बाहर नहीं निकालेगा। इस तरह एअर इंडिया को नई कंपनी मिलने के बावजूद उसके संचालन का पुराना ढंग-ढर्रा विरासत में मिला था। कहना न होगा कि अभी तक एअर इंडिया उससे मुक्त नहीं हो पाई है।

# ईरान पर अमेरिका के हमले के बाद तेल में तेजी

## अमेरिकी वायदा बाजार कमजोर, एशियाई शेयर भी फिसले





### ब्रेंट क्रूड की कीमतों में 2% की बढ़ोतरी

इस दौरान, अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 2% बढ़कर 78.52 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत भी उछली, जो सोमवार दोपहर तक एशिया में 2% बढ़कर 75.34 डॉलर प्रति बैरल हो गई।

### होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से बढ़ेगा संकट

ईरान तेल का एक प्रमुख उत्पादक देश है और यह होर्मुज की संकरी जलडमरूमध्य पर स्थित है, जिसके माध्यम से दुनिया का अधिकांश कच्चा तेल गुजरता है। जलमार्ग को बंद करना तकनीकी रूप से कठिन होगा, लेकिन ऐसा होने ने वैश्विक व्यपार गंभीर रूप से बाधित हो सकता है। इससे बीमा दरें बढ़ सकती हैं और शिपर्स को अमेरिकी नौसेना के एस्कॉर्ट के बिना आगे बढ़ने में परेशानी हो सकती है।

**नई दिल्ली।** बाजार के जानकारों के अनुसार निवेशक अमेरिकी हमले के बाद ईरान की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हैं। अमेरिकी सेना की ओर से ईरान के तीन स्थलों पर किए गए हमले ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर सवालिया निशान लगा दिया है। ईरान में परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले का वैश्विक बाजार पर व्यापक असर पड़ा। हमलों के बाद तेल की कीमतों में सोमवार को शुरूआती कारोबार के दौरान 2% से अधिक का उछाल आया, लेकिन फिर मामूली नरमी दिखी। इस दौरान अमेरिकी स्टॉक वायदा और एशियाई शेयरों में भी गिरावट देखी गई। बाजार के जानकारों के अनुसार निवेशक अमेरिकी हमले के बाद ईरान की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हैं। अमेरिकी सेना की ओर से ईरान के तीन स्थलों पर किए गए हमले ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर सवालिया निशान लगा दिया है।

एट्रिस एडवाइजरी जापान के प्रबंध निदेशक नील न्यूमैन ने कहा, "मेरा मानना है कि यह एक छोटा संघर्ष होगा। अमेरिकियों की ओर से किया गया एक बड़ा प्रहार प्रभावी होगा और फिर हम सामान्य रूप से काम पर लग जाएंगे, ऐसे में तत्काल, घबराहट वाली प्रतिक्रिया की कोई आवश्यकता नहीं है। शनिवार को हुए हमलों ने इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध को और तनावपूर्ण बना दिया है। इसके असर से एसएंडपी 500 और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज के वायदे 0.3% गिर गए, जबकि नैस्डैक वायदा 0.5% गिर गया। ट्रेजरी यील्ड में भी मामूली बदलाव दिखा। यह संघर्ष 13 जून को ईरान पर इस्राइल के हमले के साथ शुरू हुआ, जिससे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव आया और अन्य बाजारों में भी उथल-पुथल दिखा।

उत्तरी कैरोलिना के चार्लोट में एलपीएल फाइनेंशियल में मैक्रो रणनीति के प्रमुख क्रिस्टियन केर ने एक टिप्पणी में कहा, "स्थिति अब भी बहुत अस्थिर बनी हुई है, और बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि तेहरान संयमित प्रतिक्रिया का विकल्प चुनता है या अधिक आक्रामक कार्रवाई का। ईरान इस जलमार्ग को बंद करने के लिए अनिच्छुक हो सकता है, क्योंकि वह अपने कच्चे तेल के परिवहन के लिए इस जलडमरूमध्य का उपयोग करता है, मुख्यतः चीन तक, और तेल ईरान के लिए राजस्व का एक प्रमुख स्रोत है।

# विनिर्माण और सेवा क्षेत्र ने पकड़ी रफ्तार 14 माह के उच्च स्तर पर पहुंचा आंकड़ा

**नई दिल्ली।** भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की गतिविधियों ने जोरदार रफ्तार पकड़ी है। एचएसबीसी फ्लैस इंडिया कम्पोजिट आउटपुट इंडेक्स जून में बढ़कर 61.0 पर पहुंच गया। यह पिछले 14 महीनों में सबसे उच्च स्तर है। मई महीने में यह 59.3 दर्ज हुआ था। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कम्पोजिट आउटपुट इंडेक्स विनिर्माण और सेवाओं के संयुक्त उत्पादन में महीने-दर-महीने परिवर्तनों को ट्रैक करता है। एचएसबीसी फ्लैश परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारतीय व्यवसायों ने जून में निर्यात ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि दर्ज की। यह 2014 के रिकॉर्ड वृद्धि के बाद से सबसे मजबूत उछाल है। इससे पता

### विनिर्माण पीएमआई 61.5 पर पहुंचा

विनिर्माण पीएमआई आउटपुट इंडेक्स मई में 60.3 से जून में चढ़कर 61.5 पर पहुंच गया। समग्र विनिर्माण पीएमआई बढ़कर 58.4 पर पहुंच गया। यह अप्रैल 2024 के बाद का सबसे अच्छा स्तर है, जो बेहतर परिचालन स्थितियों का संकेत देता है। बढ़ती मांग, दक्षता में सुधार और प्रौद्योगिकी निवेशों के समर्थन से सेवा क्षेत्र की गतिविधि में भी तेजी आई। सर्वेक्षण के उत्तरदाताओं ने एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और अमेरिका सहित क्षेत्रों से मजबूत अंतरराष्ट्रीय मांग का उल्लेख किया। विनिर्माण निर्यात में और सेवा क्षेत्र के निर्यात में भी वृद्धि हुई लेकिन धीमी गति से।

### मजबूत वैश्वक मांग ने डाला असर- भंडारी

एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत के फ्लैश पीएमआई ने जून में मजबूत वृद्धि का संकेत दिया। नए निर्यात ऑर्डरों ने निजी क्षेत्र की व्यावसायिक गतिविधि को बढ़ावा देना जारी रखा, विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र में। इस बीच, मजबूत वैश्विक मांग और बढ़ते बैकलॉग के संयोजन ने निमार्ताओं को भर्ती बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। भंडारी ने कहा कि मई से जून के दौरान थोड़ी कमजोरी के बावजूद सेवा क्षेत्र में भी रोजगार वृद्धि स्वस्थ है। अंत में विनिर्माण और सेवा दोनों फर्मों के लिए इनपुट और आउटपुट की कीमतों में वृद्धि जारी रही, लेकिन वृद्धि की दरों में नरमी के संकेत दिखे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- मच्छरों की प्रजातियां हैं उनमें से एक (एनोफेलीज) एक मलेरिया वाहक है, जबकि तीन अन्य एन्सेफलाइटिस फैलाने के लिए जाने जाते हैं।
- मच्छर का शरीर तीन खंडों में बांटा गया है : सिर, थोरैक्स और पेट।
- मच्छर की अधिकांश प्रजातियों को एक प्रमुख घातक और नुकसान पहुंचानेवाला कीड़ा माना जाता है क्योंकि वे मनुष्यों और जानवरों के खून का उपभोग करते हैं।
- पश्चिम वर्जीनिया में मच्छर की सबसे कम प्रजातियां हैं। इस पहाड़ी राज्य में कुल 26 प्रजातियां पाई जाती हैं।
- आइसलैंड में एक भी मच्छर नहीं हैं।
- मच्छर के सिर पर एंटीना की एक जोड़ी होती है। जिससे वे गंध का पता लगाते हैं जो प्रजनन के लिए उपयुक्त शिकार और साइटों की पहचान की सुविधा प्रदान करते हैं।
- एक चोरी हुई कार की खोज करते समय फिनिश पुलिस को मृत मच्छर मिला। उन्होंने मच्छर के अंतिम भोजन से रक्त का परीक्षण किया और चोर की पहचान करने के लिए इसका इस्तेमाल किया।

## पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर शेयर बाजार पर

### सेंसेक्स 511 अंक टूटा, निफ्टी 25000 से फिसला

**नई दिल्ली।** सोमवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 511.38 अंक गिरकर 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 140.50 अंक गिरकर 24,971.90 अंक पर आ गया।



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में भी दिखा। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 511.38 अंक या 0.62 प्रतिशत गिरकर 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 140.50 अंक या 0.56 प्रतिशत गिरकर 24,971.90 अंक पर आ गया। रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 21 पैसे की गिरावट के साथ 86.76 (अस्थायी) के स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ।

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा भारत

## 14 वर्षों में वैश्विक आयात पर निर्भरता 11% से घटकर 4% हुई

**नई दिल्ली।** पारंपरिक रूप से रक्षा उपकरणों के लिए विदेशी खरीद पर निर्भर रहने वाले भारत ने पिछले 14 वर्षों में रक्षा आयात पर अपनी निर्भरता काफी कम कर दी है। यह देश की रक्षा रणनीति और नीति में एक बड़ा बदलाव है। कोटक म्यूचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2010 में रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा आयातक था लेकिन इस मामले में 2024 में यह चौथे स्थान पर खिसक गया।

2010 में, भारत दुनिया के कुल रक्षा आयात का 11 प्रतिशत हिस्सा लिया, जिससे यह वैश्विक स्तर पर शीर्ष आयातक बन गया था। 9 प्रतिशत के साथ पाकिस्तान, 6 प्रतिशत पर ऑस्ट्रेलिया और 5 प्रतिशत के साथ दक्षिण कोरिया भी इस सूची में शामिल रहे।



सऊदी अरब, संयुक्त राज्य अमेरिका, सिंगापुर और चीन जैसे देशों में प्रत्येक की हिस्सेदारी 4 प्रतिशत थी, जबकि अल्जीरिया और पुर्तगाल प्रत्येक की 3 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। 2024 के आंकड़ों के अनुसार, यूक्रेन रक्षा उपकरणों का दुनिया का सबसे बड़ा आयातक बन गया है। इसकी वैश्विक आयात में 18 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

इस तीव्र वृद्धि का कारण रूस-यूक्रेन युद्ध है, यूक्रेन की सैन्य उपकरणों की मांग को बड़े पैमाने पर बढ़ा दिया है। पोलैंड वैश्विक रक्षा आयात में 5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे सबसे बड़े आयातक के रूप में उभरा है। इसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका 4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत अब कतर, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के साथ चौथे स्थान पर है, जिनमें से प्रत्येक की वैश्विक आयात में 4 प्रतिशत हिस्सेदारी है। जापान और पाकिस्तान जैसे अन्य देश वैश्विक आयात में 3 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखते हैं।

## FY 26 में कैपेक्स में आधे का योगदान शीर्ष 5 राज्यों से आने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश के शीर्ष पांच राज्यों की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 (FY26) में कुल पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) के लगभग आधे का योगदान दिए जाने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश और गुजरात सबसे बड़े योगदानकताओं में से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक का नंबर है। रिपोर्ट में कहा गया है, वित्त वर्ष 26 में कुल पूंजीगत व्यय में 5 से अधिक राज्यों की ओर से लगभग 50 प्रतिशत योगदान करने का अनुमान है, जिसमें उत्तर प्रदेश और गुजरात सबसे बड़े योगदानकताओं में से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्य हैं। पूंजीगत व्यय का मलब सरकारों (इस मामले में, राज्य सरकारों) की ओर से सड़क और राजमार्ग, स्कूल व अस्पताल जैसी अचल संपत्तियों के निर्माण या अधिग्रहण पर खर्च किए गए धन से है। वित्त वर्ष 25 में, 26 राज्यों का कुल पूंजीगत व्यय 8.7 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि वित्त वर्ष 26 के लिए यह संख्या बढ़कर 10.2 लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है।

## राशिफल

**मेष :** स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा, साक्षात्कार व करियर संबंधी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृष :** शैक्षणिक व शोध इत्यादि कार्यों के परिणाम सुखद रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी कार्य में उत्साह व प्रसन्नता से सफलता प्राप्त होगी।

**मिथुन :** दु :खद समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। प्रियजनों के साथ रिश्तों में खटास आ सकती है।

**कर्क :** संबंधियों तथा मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**सिंह :** घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। लंबे प्रवास की योजना बनेगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा।

**कन्या :** बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रतिद्वंद्वी परस्त होंगे।

**तुला :** किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। फालतू खर्च होगा। असमंजस रहेगा। निर्णय लेने की क्षमता कम होगी।

**वृश्चिक :** यात्रा लाभदायक रहेगी। काफी समय से रुका हुआ धन प्राप्ति के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा।

**धनु :** नई योजना बनेगी। पुराने किए गए निर्णयों का लाभ अब प्राप्त होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मकर :** राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धार्मिक कृत्यों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि की आशंका है। विवाद को बढ़ावा न दें। अतिउत्साह हानिप्रद रहेगा। कुसंगति से बचें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बाहरी सहायता से कार्यों में गति आएगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में चैन रहेगा।

## चुटकुले

पप्पू- बताओ इंसान के बच्चों और जानवरों के बच्चों में क्या फर्क है...
पिंकी- गधे का बच्चा बड़ा होकर गधा बनता है और उल्लू का बच्चा उल्लू बनता है
पर इंसान का बच्चा बड़ा होकर गधा भी बन सकता है और उल्लू भी...

---

'मान भी जाओ' से लेकर 'भाड़ में जाओ'
तक का सफर ही...
'प्यार' और 'शादी' है...
बाकी तो सब मात्र मोह माया है

---

दो चूहे पेड़ पर बैठे थे,
नीचे से एक हाथी गुजरा, एक चूहा हाथी पर गिर गया...
तभी दूसरा चूहा बोला, 'दबा कर रख इसे, मैं भी आता हूं...




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# रोहित के नाम राष्ट्रीय रिकॉर्ड, तैराकी चैंपियनशिप की 100 मीटर बटरफ्लाई में सर्वश्रेष्ठ समय निकाला



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के तैराक बी बेनेडिकटन रोहित ने रविवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुष 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकाला। रोहित ने कलिंगा स्टेडियम के इंडोर एक्वाटिक सेंटर में 52.57 सेकेंड का समय लिया। उन्होंने इस प्रदर्शन के साथ एशियाई खेलों के पदक विजेता वीरधवल खाड़े के 2009 में बनाए 52.77 सेकेंड के सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय में सुधार किया। उन्होंने दो बार के ओलंपियन साजन प्रकाश के 53.24 सेकेंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया।

इसके साथ ही रोहित ने 27 जुलाई से सिंगापुर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का ह्यबीह्ल क्वालीफिकेशन स्तर भी हासिल कर लिया। अखिल भारतीय पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रकाश ने 53.51 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता, जबकि रेलवे के बिक्रम चांगमाई ने 54.35 सेकेंड से कांस्य पदक जीता। महिला 100 मीटर बटरफ्लाई में ओडिशा की सृष्टि उपाध्याय और रेलवे की आस्था चौधरी एक मिनट 3.50 सेकेंड के समान समय के साथ शीर्ष पर रहीं।

कर्नाटक के अनीश एस गौड़ा ने पुरुष 200 मीटर फ्रीस्टाइल में एक मिनट 50.85 सेकेंड के समय के साथ प्रकाश को सिर्फ 0.01 सेकेंड से पछाड़ा। तनीष मैथ्यू, चिंतन शेट्टी, दर्शन एस और अनीष गौड़ा की कर्नाटक की चौकड़ी ने सात मिनट 40.90 सेकेंड के साथ पुरुष चार गुणा 200 मीटर का खिताब जीता।

दिल्ली की भव्या सचदेवा ने महिला 400 मीटर फ्रीस्टाइल, रेलवे की हर्षिता जयराम ने महिला 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और तमिलनाडु के दानुष सुरेश ने पुरुष 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक का खिताब अपने नाम किया। तैराकी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तभी माना जाता है जब यह राष्ट्रीय एक्वाटिव चैंपियनशिप के दौरान हासिल किया गया हो। अन्य प्रतियोगिताओं के समय को सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय कहा जाता है।

# मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप में अल ऐन को हराया, पचुका के खिलाफ 3-1 से जीता रियल मैड्रिड





**मैनचेस्टर सिटी।** इल्के गुंडोगन के दो गोल और एरलिंग हालैंड के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रविवार रात खेले गए मैच में अल ऐन को 6-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूनार्मेंट के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इस सत्र में अपना अभियान पटरी पर लाने की कवायद में लगे मैनचेस्टर सिटी की तरफ से क्लाउडियो एचेवेरी, ऑस्कर बॉब और रेयान चेर्की ने भी गोल किए।

मैनचेस्टर सिटी इस सत्र में इंग्लिश प्रीमियर लीग में तीसरे स्थान पर रहा था जबकि यूईएफए चैंपियंस लीग के नॉकआउट प्लेऑफ में रियल मैड्रिड से हार गया था। उसने क्लब विश्व कप के शुरूआती ग्रुप मैच में मोरक्को के विदाद पर 2-0 की जीत दर्ज करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था।

## रियल मैड्रिड को मिली जीत

रियल मैड्रिड ने अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद जूड बेलिंगहैम और अर्डा गुलर के पहले हाफ में किये गये गोल की मदद से क्लब विश्व कप फुटबॉल टूनार्मेंट के मैच में पचुका को 3-1 से हरा दिया। रविवार रात को खेले गए मैच के सातवें मिनट में डिफेंडर राउल एसेनसियो को रेड कार्ड मिला, जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। इसके बाद रियाल मैड्रिड को शेष मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इससे हालांकि कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि रियाल मैड्रिड ने मैक्सिको के क्लब पर शुरू से लेकर आखिर तक पूरा दबदबा बनाए रखा और जाबी अलोंसो को इस स्पेनिश क्लब के कोच के रूप में पहली जीत दिलाई। रियाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण क्लब विश्व कप के दोनों मैच नहीं खेल पाए। वह अस्पताल में भर्ती हैं जिसके कारण चार्लोट नहीं जा पाए, लेकिन टीम को उम्मीद है कि वह गुरुवार को साल्जबर्ग के खिलाफ होने वाले मैच तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे।

# ललित उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से लिया संन्यास, टोक्यो-पेरिस ओलंपिक में टीम को दिलाया पदक



**नई दिल्ली।** अनुभवी फॉरवर्ड ललित उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने का फैसला किया है। इसकी जानकारी उन्होंने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये दी। उन्होंने लिखा, 'आज मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा करता हूं।' ललित टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम का हिस्सा थे।

ललित ने 2014 में विश्व कप में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में डेब्यू किया था तथा ओलंपिक में दो पदक जीतना उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रहीं। वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में इतिहास रचने वाली टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा थे। भारत ने तब लंबे समय के बाद ओलंपिक में पदक जीता था। भारत ने 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में फिर से कांस्य पदक जीता और ललित इस टीम का भी अभिन्न अंग थे।

## सोशल मीडिया पर किया संन्यास का एलान

ललित ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के यूरोपीय चरण के भारत के अंतिम मैच के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर जारी की गई पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'यह सफर एक छोटे से गांव से शुरू हुआ, जहां संसाधन सीमित थे, लेकिन सपने असीम थे। स्टिंग ऑपरेशन का सामना करने से लेकर एक बार नहीं बल्कि दो बार ओलंपिक पोडियम पर पहुंचने का यह सफर चुनौतियों, विकास और अविस्मरणीय गौरव से भरा रहा। 26 वर्षों के बाद अपने शहर से पहला ओलंपियन बनना ऐसी बात है जिसे मैं हमेशा पूरे सम्मान के साथ संजोकर रखूंगा।'

## हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने की ललित के योगदान की प्रशंसा

गोल करने की अद्भुत क्षमता वाले ललित ने सीनियर स्तर पर भारत के लिए 183 मैच खेले, जिनमें 67 गोल किए। 31 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम के लिए अपना अंतिम मैच 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। ललित के भारतीय हॉकी में योगदान का जिक्र करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ललित अपनी पीढ़ी के सबसे शानदार और समर्पित फॉरवर्ड में से एक रहे हैं। चाहे वह महत्वपूर्ण ओलंपिक मैच हो या लीग मैच, उन्होंने हमेशा भारतीय जर्सी को गर्व के साथ पहना और दिल से खेला। वाराणसी की संकरी गलियों से निकलकर दो बार ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक का उनका सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है। हम भारतीय हॉकी के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके जीवन की अगली पारी के लिए शुभकामनाएं देते हैं।'

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने किया आधार कार्ड एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन

## सदर विधायक संजीव शर्मा ने किया शिविर का उद्घाटन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद द्वारा डाक विभाग के सहयोग से संजीव शर्मा विधायक गाजियाबाद सदर विधानसभा के निर्देश पर सरस्वती शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज वार्ड नंबर 1 बाबू विजयनगर गाजियाबाद में प्रातः 10:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक आधार कार्ड एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन गाजियाबाद सदर विधायक संजीव शर्मा द्वारा किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता उत्तर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय, सचिन डेड़ा आदि रहे।

आशु गुर्जर क्रॉसिंग मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा एवं धर्मेंद्र नागर पार्षद वार्ड नंबर 1 अमित शर्मा डायरेक्टर सरस्वती शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज आदि ने सुंदर आयोजन विद्यालय में कर सभी अतिथियों का माला पटका पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। शिविर मे श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम गाजियाबाद की तरफ से आंखों की मुफ्त जांच की व्यवस्था की गई 18 वर्ष की आयु तक के नए आधार कार्ड बनवाए गये तथा किसी भी आधार कार्ड में सुधार एवं बदलाव किया गया प्रातः 10 बजे से सांय 4बजे तक सैंकडो लोगों ने अपने आधार कार्ड करेक्शन कराया तथा अपनी आंखों की जांच करायी 155 लोगों ने अपनी आंखों की तथा 125 लोगों के नए आधार कार्ड एवं पुराने में संशोधन किया गया स्थानीय जनता ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद द्वारा लगाए गए आधार कार्ड शिविर व नेत्र जांच शिविर की सराहना की तथा आशु गुर्जर धर्मेंद्र नागर अमित शर्मा आदि ने क्षेत्र की जनता से ज्यादा से ज्यादा आधार कार्ड बनवाकर तथा अपनी आंखों की जांच कराकर लाभ उठाने की अपील की। राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा पिछले 4 माह से आधार कार्ड सेंटर पर लगी लंबी लाइन को देखते हुए आधार कार्ड कैंप का आयोजन करता रहा है तथा भविष्य में भी जनपद गाजियाबाद के अनेक क्षेत्र में ऐसे शिविर आयोजित करेगा। इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा, बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, रि. आईएएस ओमवीर वीरवाल श्रेया, आई सेंटर की तरफ से डॉक्टर विकास वीरवाल, डाक विभाग की टीम सहित मनोज कुमार, चंद्र गुप्ता, आशु गुर्जर, धर्मेंद्र नागर, अमित शर्मा, अरविंद चौधरी, सत्येंद्र शर्मा, चौधरी रोहतास मावी, अजय राठौर, अजय राजपूत, हिमांशु प्रजापति, अरविंद चौधरी, रितेश शर्मा, सौरभ यादव, आशु पंडित, बलप्रीत, बृजेश कुमार, अनिल कुमार, तसीम खान, मोनू कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सेशेल्स मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत का शानदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजों ने सेशेल्स नेशनल डे मुक्केबाजी टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया और तीन स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने तीन रजत और एक कांस्य पदक भी जीता और पैराडाइज एरेना में मॉरीशस से एक पदक अधिक हासिल किया। हिमांशु शर्मा (50 किग्रा) ने वॉकओवर के जरिए स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि आशीष मुदशानिया (55 किग्रा) ने फाइनल में 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। गौरव चौहान ने 90 किग्रा से अधिक वर्ग के तनावपूर्ण फाइनल में अपना धैर्य बनाए रखा। उन्होंने 3-2 से जीत हासिल की और देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अनमोल (60 किग्रा), आदित्य यादव (65 किग्रा) और नीरज (75 किग्रा) तीनों को संघर्षपूर्ण फाइनल में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद समान 2-3 के खंडित फैसले से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए कार्तिक दलाल ने 70 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता।

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित शर्मा के 18 साल पूरे




**नई दिल्ली।** हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित शर्मा ने 18 साल पहले आज ही के दिन यानी 23 जून को अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया था। इसको याद कर हिटमैन भावुक हो गए। जिसके बाद उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में अपने पहले हेलमेट की तस्वीर शेयर की साथ ही एक भावुक संदेश भी लिखा। बता दें कि, इस दौरान रोहित शर्मा ने लिखा कि हमेशा आभारी रहूंगा, 23.06.07 उस वक्त रोहित महज 20 साल के थे और उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच से डेब्यू किया था। भारत के लिए दो आईसीसी ट्रॉफी जीत चुके रोहित को अब तक के सबसे बेहतरीन ओपनर्स में से एक माना जाता है। इन 18 वर्षों में हिटमैन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए लेकिन उन्होंने इन सबका डटकर सामना किया और अब वह क्रिकेट की दुनिया में एक आइकन हैं। हालांकि, पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने के बाद रोहित ने टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। वहीं इस साल उन्होंने क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट से भी संन्यास ले लिया। जिसके बाद शुभमन गिल को टीम इंडिया की टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई है। रोहित अब सिर्फ वनडे फॉर्मेट खेलते हुए दिखेंगे। इसी में उन्होंने अपना अंतर्राष्ट्रीय मैच भी खेला था जिसे आज पूरे 18 साल हो गए हैं।

# अल्काराज ने क्वींस क्लब चैंपियनशिप जीता



## कहा ग्रास पर शानदार महसूस कर रहा हूं; विंबलडन में लगातार तीसरा खिताब जीतने उतरेंगे

**स्पेन।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने विंबलडन से 8 दिन पहले लंदन में ग्रास कोर्ट पर खेले गए टेनिस टूनार्मेंट क्वींस क्लब चैंपियनशिप जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में चेक के जिरी लहेच्का को 7-5, 6-7, 6-2 से हराकर दूसरी बार यह खिताब जीता है। इसके साथ ही उनकी जीत का सिलसिला 18 मैचों तक पहुंच गया, जो उनके करियर का सबसे लंबा विजयी क्रम है। यह उनका चौथा ग्रास कोर्ट खिताब है। अब केवल सर्बिया के नोवाक जोकोविच ही उनसे ज्यादा ग्रास कोर्ट खिताब (आठ) जीतने वाले एक्टिव मेंस प्लेयर हैं।

चार या उससे ज्यादा ग्रास कोर्ट खिताब जीतने वाले तीसरे स्पेनिश खिलाड़ी अल्काराज चार या उससे ज्यादा ग्रास कोर्ट खिताब जीतने वाले पांचवें सक्रिय पुरुष खिलाड़ी हैं। स्पेन के केवल तीन खिलाड़ियों राफेल नडाल, फेलिसियानो लोपेज और अल्काराज ने चार ग्रास कोर्ट खिताब जीते हैं। लेकिन अल्काराज ने यह उपलब्धि 22 साल की उम्र में हासिल की, जबकि नडाल 29 और लोपेज 37 साल के थे। ग्रास कोर्ट पर अब मैं सहज हो गया हूं- अल्काराज जीत के बाद अल्काराज ने कहा कि मिट्टी के कोर्ट से ग्रास के कोर्ट पर आना आसान नहीं था। उन्होंने बताया, 'मिट्टी से ग्रास पर सिर्फ दो दिन की प्रैक्टिस के बाद आना मुश्किल था। मैं बिना किसी उम्मीद के यहां आया था। मेरा लक्ष्य सिर्फ दो-तीन मैच खेलकर ग्रास पर सहज होना था। लेकिन मैं जल्दी ही ग्रास पर ढल गया और मुझे इस पर गर्व है।' अल्काराज ने इससे पहले 8 जून को फ्रेंच ओपन के खेले गए फाइनल में इटली के जैनिक सिनर को हरा कर अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम जीता था। फ्रेंच ओपन क्ले कोर्ट (लाल मिट्टी) पर खेला जाता है। वहीं, स्पेनिश खिलाड़ी स्पेन में क्ले कोर्ट पर ही प्रैक्टिस करते हैं।

अल्काराज विंबलडन में लगातार तीसरा खिताब जीतने उतरेंगे अब अल्काराज विंबलडन में लगातार तीसरा खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। ओपन एरा में केवल तीन पुरुष खिलाड़ियों ब्योर्न बोर्ग, पीट सैम्प्रास और रोजर फेडरर ने कम से कम तीन बार लगातार विंबलडन खिताब जीता है।

# सुन्दर दीप फार्मेसी कॉलेज में आयोजित हुआ विदाई समारोह






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में बी.फार्म, डी.फार्म एवं एम.फार्म के अंतिम वर्ष के छात्रों को भव्य विदाई समारोह के माध्यम से विदा किया गया। यह आयोजन संस्थान परिसर में पारंपरिक भारतीय आतिथ्य एवं आधुनिक सांस्कृतिक रंगों के संयोग के साथ संपन्न हुआ। समारोह का आरंभ तिलक एवं पुष्पवर्षा से हुआ। इसके पश्चात निदेशक, एसडीपीसी डॉ. आर.डी.गुप्ता ने स्वागत भाषण देते हुए मंच पर उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर महेंद्र अग्रवाल (अध्यक्ष सुंदर दीप ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशनस), नितिन अग्रवाल (उपाध्यक्ष सुंदर दीप ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशनस), डॉ. प्रसंजीत कुमार (कुलपति), पीयूष श्रीवास्तव (उपकुलपति) एवं डॉ. राजीव रतन (पंजीयक) की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। सभी

प्रोफेसर (डॉ.) प्रसनजीत कुमार ने कहा कि यह विदाई समारोह न केवल कॉलेज जीवन की समाप्ति है, बल्कि एक नए और उज्ज्वल भविष्य की शुरूआत भी है। पीयूष श्रीवास्तव (उपकुलपति) ने कहा कि यह समारोह विद्यार्थियों के जीवन के एक महत्वपूर्ण पड़ाव का प्रतीक है।

कार्यक्रम के संरक्षक प्रोफेसर (डॉ.) आर.डी. गुप्ता ने कहा कि यह फेयरवेल समारोह केवल एक विदाई नहीं, बल्कि नए जीवन की शुरूआत का प्रतीक है। कार्यक्रम में मनोरंजन, नृत्य, गायन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया।

इस विशेष अवसर पर कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रसून कुमार सक्सेना सभी शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और उन्होंने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन भावुक विदाई संदेशों, आभार प्रकट करते हुए और स्मृति चिन्ह प्रदान करके किया गया।

# कार सवार महिला ने साइड न देने पर युवक को मारी गोली, अस्पताल में भर्ती





**लोनी, करंट क्राइम।** थाना वार्डर इलाके की अमित विहार कॉलोनी का रहने वाला एक 28 वर्षीय युवक दिल्ली सुन्दर नगरी केले की गोदाम में केले लेने जा रहा था। इसी दौरान थार कार में बैठी महिला ने बेवजह पिस्टल से रेहड़ी लेकर जा रहा युवक को गोली मार दी। कार को तेजी से लेकर भाग गए। युवक के हाथ में गोली लगी और हाथ फाड़कर कनपटी पर लगी, युवक लहूलुहान हो गया। आस पास के लोगों ने गोली की आवाज सुनी और युवक को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है, युवक खतरे वाहर बताया जा रहा है।

लोनी बार्डर इलाके की अमित विहार कॉलोनी का रहने वाला विनय 28 वर्ष पुत्र चन्द्रपाल केले की रेहडी लगाकर व्यापार करता है। सोमवार अल सुबह लगभग पांच बजे विनय दिल्ली के सुन्दर नगरी रेहड़ी लेकर केले की गोदाम पर केले लेने जा रहा था जैसे ही वह गोदाम के पास पहुंचा पीछे से थार गाडी आ गई विनय साइड पर जा रहा था लेकिन थार पर बैठी महिला व एक व्यक्ति थार से उतरकर रेहडी वाले विनय को साइड न देने के लिए गाली गलौज करने लगे उसने दोनों से माफी भी मांगी लेकिन महिला ने पिस्टल निकालकर उसके गोली मार दी गोली। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस जांच कर रही है पुलिस का यह भी कहना है कि थार कार सवार जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# बुलंदशहर के युवक ने गाजियाबाद में किया सुसाइड

## नशे में धुत्त युवक ने कमरे में लगाई फांसी






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की महाराणा बिहार कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक अमित बुलंदशहर का रहने वाला था। वह पत्नी और दो बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता था। घटना बीती रात की है। अमित अपने परिवार के साथ छत पर सो रहा था। रात में वह नशे की हालत में नीचे कमरे में आया। उसने कमरे में छत से लटककर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिवार के सदस्य नीचे आए तो उन्होंने युवक को फांसी पर लटका देखा। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। मौके पर पुलिस को सूचना दी गई। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष के अनुसार, युवक ने शराब के नशे में यह कदम उठाया। आत्महत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। पुलिस मामले की हर दिशा में जांच कर रही है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है।

# भूगर्भ जलस्तर बढ़ाने के लिए जरूरी है जल संचयन : नगर आयुक्त







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा तालाबों की सफाई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। तालाबों के सौंदर्यकरण पर भी विशेष ध्यान निगम का जलकल विभाग दे रहा है। बरसात से पूर्व प्रमुख तालाबों पर करवाई तेजी से की जा रही है। भूगर्भ जल स्तर को बनाए रखने के लिए तालाबों का संरक्षण तथा जल संचयन बेहद जरूरी है नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर हित में तालाबों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

काजीपुरा तालाब 1 एकड़, मोरटा तालाब 1 एकड़, नाएफल तालाब 2.7 एकड़, दुहाई तालाब 4 एकड़, सदरपुर तालाब 4.5 एकड़ पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विशेष कार्यवाही कराई जा रही है। तालाबों की गंदगी को साफ करने के लिए तेजी से कार्य किए जा रहे हैं जिसमें तालाबों के आसपास अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए भी नगर आयुक्त द्वारा उद्यान विभाग को निर्देश दिए गए हैं। तालाबों का सौंदर्य करण भी कराया जा रहा है। चारों तरफ फुटपाथ का कार्य तथा तालाब के जल को स्वच्छ रखने के लिए उपकरण लगाने का कार्य भी निगम कर रहा है। ग्राम वासियों तथा क्षेत्र वासियों को भी अधिक से अधिक जल संचयन जल संरक्षण की अपील की जा रही है तालाबों गंदा न करने तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी कहा जा रहा है।

## दुहाई तालाब बना मिसाल

करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि बरसात से पूर्व अधिकांश तालाबों को साफ करते हुए जल संरक्षण के लिए तैयार किया जा रहा है। भूगर्भ जलस्तर को बढ़ाने के लिए लगातार गाजियाबाद नगर निगम तालाब को जीवित बनाए रखने का कार्य कर रहा है। इसके अलावा ऐसे तालाब जो विलुप्त हो गए हैं उनको भी खोजने का कार्य विभाग द्वारा किया जाए टीम को निर्देशित किया गया है। दुहाई तालाब गाजियाबाद नगर निगम के अन्य तालाब में मिसाल के रूप में है।

# पार्षद कविता भाटी के कार्यालय लगा स्वास्थ्य शिविर





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 83 की पार्षद कविता भाटी ने कार्यालय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जिसमें लोगों ने लाभ लिया। पार्षद कविता भाटी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का महामेला, एक ही छत के नीचे तीन-तीन सेवाएं दी गईं। क्षेत्रवासियों के लिए सेवा, वहीं दूसरी ओर, कार्यालय परिसर में लगे स्वास्थ्य मेले में जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां तीन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गईं। स्वास्थ्य मेले की तीन प्रमुख सेवाएं इस प्रकार रहीं -

नेत्र जांच शिविर : श्रेया आई सेंटर, जयपुरिया मॉल, इंदिरापुरम के विशेषज्ञों द्वारा आंखों की संपूर्ण जांच की गई। मरीजों को आगे की जांच के लिए सेंटर पर निःशुल्क आमंत्रित किया गया।

आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण (70+ आयु वर्ग के लिए) : वरिष्ठ नागरिकों के आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो और आधार लिंक मोबाइल के माध्यम से कार्ड बनाए गए।

निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण : रामा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, हापुड़ द्वारा बीपी, शुगर एवं अन्य स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक दवाएं निःशुल्क दी गईं। यह आयोजन केवल स्वास्थ्य सुविधा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक समर्पण, सेवा भावना और मानवीय मूल्यों का उदाहरण बना। क्षेत्रवासियों ने इस संयुक्त पहल की सराहना की और कविता प्रवीन भाटी एवं प्रवीन भाटी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं।




## विधायक जी ने डांटा तो अफसर ने हिमायत के लिए किस जनप्रतिनिधि को छांटा

आमतौर पर अधिकारी ये आरोप कई बार नेताओं पर लगा देते हैं कि वो अनावश्यक पोलिटिक्स कर रहे हैं। लेकिन सही बात ये है कि जिले में अफसर सबसे बेहतरीन पोलिटिक्स कर रहे हैं। उनकी जेब में नेता हैं और किस्सा उस अधिकारी का है जिसने यहां कई जनप्रतिनिधि मैनेज कर लिये हैं। किस्से में विधायक हैं, किस्से में निगम की बड़ी नेता हैं, किस्से में हैल्थ वाले अधिकारी हैं, किस्से में समाजवादी हैं, किस्से में भाजपा है और किस्से में सफाई नायक है। बताया जाता है कि भाजपा समर्थित सफाई नायक का मामला था और समाजवादी पार्षद दम्पत्ति से तकरार था। विधायक जी सफाई नायक का साथ दे रहे थे और इस क्रम में उन्होंने अधिकारी को फोन किया और बताते हैं कि अधिकारी की टोन जब बिगड़ी तो विधायक जी की जुबान भी कठोर हो गई। जनप्रतिनिधियों को मैनेज करने के गुरू ये अधिकारी तुरंत ही निगम की प्रमुख जनप्रतिनिधि के पास पहुंचे। कमाल यहां यह हो गया कि जनप्रतिनिधि ने अधिकारी की हिमायत में विधायक को फोन मिला दिया। अब जो हुआ सो हुआ लेकिन देखने वाले बताते हैं कि अधिकारी दो घंटे तक निगम वाली मैडम के पास ही बैठे रहे। इधर पता चला है कि समाजवादी पार्षद भी जहर की शीशी लेकर विद पत्नी विधायक जी के पास पहुंचे थे। वैसे जिस मामले को ढाई विधानसभा वाले जनप्रतिनिधि और विधानसभा वाले विधायक तथा अधिकारी और पार्षद मिलकर नहीं सुलझा पाये। उस मामले को निगम के फूल ब्रांड नेता ने बड़ी आसानी से सुलझा दिया है। किस्सा फूल वालों में गूंज रहा है।

## ये आरडब्लूए वाले क्यों नेता बन रहे हैं निगम वाले मामले में

वैसे तो कहा ये जाता है कि विकास की पहली ईंट के साथ ही शिकायत का रोड़ा आरडब्लूए वाले लेकर पहुंचे हैं। कभी उन्हें ठेकेदार से शिकायत तो कभी उन्हें पार्षद से शिकायत। अब जब हाउस टैक्स बढ़ गया है और रेजीडेंट इस बोझ के नीचे दबे हैं तब आरडब्लूए वाले शांत हैं और पार्षद मोर्चा खोल रहे हैं। सरकार वाले पार्षद ने ही कहा कि भाई साहब ये तो पोलिटिक्स का तकाजा है वरना हम भी जानते हैं कि इनके बसका दस वोट दिलवाना नहीं है। लेकिन नेता बन कर आरडब्लूए वाले हर जगह पहुंच जाते हैं। उसने बताया कि जब हाउस टैक्स के विरोध में पूरा पार्षद टोला आ गया है तब आप हमें ये बताओ कि कितने आरडब्लूए वाले नगर निगम पहुंचे हैं और विरोध जताया है। कितने आरडब्लूए वालों ने अपने पार्षद के साथ खड़े होकर इस मुद्दे पर समर्थन का लैटर दिया है।

## आदमी नहीं है दस उनके पास और पद लिए फिर रहे हैं वो प्रदेश वाला

हाथ वाले खेमे में अब धीरे-धीरे पोलिटिक्ल अंगडाई दिख रही है। हालांकि खास बात ये है कि यहां भी महिला खेमे ने बाजी मारी है। हाथ वालों की सियासी सक्रियता पर चुटकी लेते हुए कांग्रेस वाले ने कहा कि एक बार रामलीला मैदान में ही कोई सम्मेलन करा लिया जाये। गेट पर इस बात का टेस्ट करा लिया जाये कि कौन अपने साथ कितनी भीड़ लेकर आया है। उसने कहा कि आपको पता चल जायेगा कि हाथ वालों के उस नेता के साथ दस लोग नहीं है जो प्रदेश वाला पद अपने पास रखे हुए है। पुराने कांग्रेसी ने कहा कि केवल हाथ हिलाते हुए ये प्रदेश स्तरीय हाथ वाले पदाधिकारी हर कार्यक्रम में पहुंच जाते हैं। राजनीति इनकी सिंगल मैन वाले अंदाज में है। जब तक कांग्रेस की ये खरपतवार बाहर नहीं होगी तब तक कांग्रेस में सियासी बहार नहीं होगी।

# शालीमार गार्डन में भाजपाइयों ने मनाया श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन में सोमवार को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। जिसमें पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, महामंत्री पप्पू पहलवान सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर शालीमार गार्डन साहिबाबाद विधानसभा में 14 जगह पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सूर्या पार्क में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र 13 व 14 के सभी बूथों पर कार्यकर्ता तथा क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और महान नेता को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रहित में किए गए त्याग और बलिदान को याद करते हुए पप्पू पहलवान ने कहा कि उनका जीवन देश की एकता और अखंडता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर डी एन कॉल, प्रतीक माथुर, भूषण लाल, शत्रुघ्न, सुनील शर्मा, मनोज मिश्रा, सुबोध भडाना, केशव सक्सेना, जगदीश सती, अखिल, प्रिंस भडाना, राकेश तोमर, संजीव गुप्ता, प्रियंका सोलंकी, अनीता राणा, मुनीश कसाना, सुमन, सती, निशा चौहान, आशा पवार, सुनीता चौहान, अंजू आदि लोग मौजूद रहे।

# मोदीनगर में अवैध कालोनियों पर चला जीडीए का बुलडोजर

## निवाड़ी में अवैध रूप से संचालित 2 ओयो होटल किये गए सील






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष अतुल वत्स के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में सोमवार को प्रभारी प्रर्वतन जोन-2 के नेतृत्व में मोदीनगर क्षेत्र में बृजेश कुमार नेहरा तथा अनूप सिंह, अनीता पत्नी राजकुमार, कृष्णपाल एवं रविन्द्र सिंह पुत्रगण सरूप सिंह, गौरव नेहरा पुत्र राजकुमार, देवेंद्र सिंह पुत्र सरूप सिंह, राजपाल, धीरज पाल, संदीप चौधरी द्वारा राजस्व ग्राम-याकूतपुर मावी, निवाड़ी रोड़, मोदीनगर, खसरा सं.-85, पर लगभग 7000 वर्ग.मी. क्षेत्रफल में अवैध कालोनी विकसित करने के लिये सड़कें, मिट्टी भराई एवं बिजली के खंभे तथा साईट ऑफिस बनाने के लिए नींव बनाने का कार्य। ओमपाल सिंह पुत्र उदयवीर सिंह, ग्राम-बेगमाबाद बुढाना, निवाड़ी रोड मोदीनगर पर लगभग 4000 वर्ग.मी. पर भूमि में सड़कें बनाने हेतु मिट्टी का कार्य एवं भूखण्डों के सीमांकन हेतु ब्रिक लाईनिंग का कार्य एवं रूकनपाल व सतपाल पुत्रगण तेज सिंह, हेरेन्द्र, वीरेन्द्र, देवेन्द्र व अन्य के द्वारा ग्राम-बेगमाबाद बुढाना, निवाडी रोड़ मोदीनगर के खसरा सं.-163 पर लगभग 8000 क्षेत्रफल में मिट्टी भराई एवं प्लॉट के सीमांकन हेतु ब्रिक लाईन का कार्य किया जा रहा था। उपरोक्त क्षेत्र में कालोनाईजर द्वारा बनाई जा रही सडकें, बाउण्ड्रीवाल, साईट ऑफिस को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हें नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गयी। इसके अतिरिक्त निवाडी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित 2 ओयो होटल को भी सील किया गया। प्रभारी प्रर्वतन जोन-2 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जायेगा।

उपरोक्त अनाधिकृत रूप से विकसित किये जा रहे निर्माणों के विरुद्ध सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सम्पन्न की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्रवाई किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

# बदमाशों ने घर में घुसकर युवक पर उस्तरे से किया हमला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर कोतवाली क्षेत्र के कल्लूपुरा मोहल्ले में दर्जन भर बदमाशों ने घर घर में घुसकर हमला किया। इस हमले में बुरी तरह घायल हो गया। मोहल्ले में जानकारी के अनुसार मामूली बात पर दर्जन पर बदमाशों ने घर में घुसकर युवक पर हमला कर दिया। बदमाशों ने घर की खिड़की और दरवाजों में भी तोड़फोड़ की। बाहर कर दुपहिया वाहनों को भी तोड़ दिया। दर्जन भर बदमाशों ने घर पर किया हमला, मौके पर मिले युवक पर उस्तरे से किया। लड़कों की दुकानदारों से मारपीट की पीड़ित ने शिकायत की थी।




## किस क्षेत्र में सड़क किनारे बढ़ गया अतिक्रमण

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सड़क को जाम फ्री बनाने के लिए कई अभियान चलाए जाते हैं, तो पुलिस के शीर्ष अधिकारी खुद सड़कों पर उतरकर जाम को खत्म करने के लिए आदेश और फरमान सुनाते हैं। पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिसटम में एक थानाक्षेत्र का हाल अतिक्रमण को लेकर बेहद बुरा बताया जा रहा है। सुनने में आया है कि सिटी वाले एक इलाके में सड़क किनारे होने वाला अतिक्रमण इन दिनों रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है। वैस अतिक्रमण हटाने और सड़क पर जाम ना हो इसे दूर करने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। साथ ही साहब ने एसीपी स्तर के अधिकारियों की कोर्ट का इस्तेमाल करते हुए अतिक्रमण करने वालों को सबक सिखाने की सीख भी देने का आदेश दिया था। इसके बावजूद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले एक थानाक्षेत्र का हाल इन दिनों ऐसा है कि सड़क पर जिधर भी देखो ठेली और दुकानें नजर आने लगती हैं। जिस खास मार्ग पर कभी गस्टेड अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाती थी, की ठेली ना लगे, लेकिन अब यहां कतारें नजर आती हैं। इसी के साथ जिस फ्लाईओवर वाले मार्ग के सभी कट बंद किए गए थे



ताकि मार्ग पर जाम ना लगे, उस पूरे मार्ग व स्थान पर भी किसकी मिली भगत से जमकर ठेलिया लग रही हैं। अब इलाके वाले एसीपी साहब और थाने वाले क्या कर रहे हैं, इस पर सवाल उठ रहा है। तो वहीं ट्रैफिक वालों से लेकर अन्य अधिकारी क्या मॉनिटरिंग कर रहे हैं, इसकी भी चर्चा हो रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में सवाल यह भी उठ रहा है कि इलाके वाले थानेदार क्यों इन दुकानों को लगने से रोक नहीं रहे हैं। क्या इसके पीछे की वजह कुछ और है या वह फील्ड से आउट चल रहे हैं। कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि लगातार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सड़क और चौराहों पर जाम न लगे इसके लिए लेफ्ट फ्री बनाए जा रहे हैं। तो यातायात वाली पुलिस भी लगातार अभियान चला रही है। इसके बावजूद एक थानाक्षेत्र का हाल बता रहा है कि मामला बेहाल हाल चल रहा है। वहीं कुछ दिनों बाद शिव भक्तों का बड़ा आयोजन शुरू होने वाला है, इसको लेकर लगातार मीटिंगों और लैटरों का दौर चल रहा है। सोमवार को भी सिटी वाले एक बड़े कैंपस में कमिश्नरेट के अधिकारियों वाली बैठक हुई है। जिसमें थाना प्रभारी से लेकर कांवड़ ड्यूटी वाले अधिकारियों के साथ ही बीट वाले पुलिसकर्मी और लैपर्ड वालों को मीटिंग में बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# कांवड़ यात्रा की तैयारी को लेकर सिविल डिफेंस ने की बैठक

## दो शिफ्टों में 100-100 वार्डनों की ड्यूटी मोहन नगर चौराहे पर लगाई जाएगी : एके ठाकुर




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेन्द्र नगर में सिविल डिफेंस प्रभागीय कार्यालय में कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक एडीसी नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद गुलाम नवी की अध्यक्षता, डिविजनल वार्डन एके जैन, एके ठाकुर की देखरेख में की गई। बैठक में श्रावण शिवरात्रि कांवड़ यात्रा से संबंधित विस्तृत रूप से ड्यूटी हेतु तैयारी की गई। कांवड़ यात्रा के दौरान मोहन नगर चौराहा पर लगभग 300 वार्डनों की ड्यूटी लगाए जाने के बारे में चर्चा की गई। एडीसी गुलाम नवी ने रिक्त भर्ती को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया साथ ही आईसीओ स्टाफ ऑफिसर को अपने देखरेख में सभी पोस्टों की भर्तियां पूर्ण कराने के लिए भी कहा। डिविजनल वार्डन एके ठाकुर ने कहा कि दो शिफ्टों में 100-100 वार्डनों की ड्यूटी कांवड़ यात्रा के लिए मोहन नगर चौराहे पर लगाई जाएगी। साथ ही 50 वार्डन रिजर्व में रखे जाएंगे, जो कि परिस्थिति के अनुकूल तैनात किए जाएंगे। डिविजनल वार्डन एके जैन ने कहा कि 25 महिला वार्डन की ड्यूटी लगाई जाएगी जो महिला कांवड़ियों को सकुशल आगे प्रस्थान कराने में मदद करेंगे एवं 25 वार्डन शिव भक्त कांवड़ियां के ड्रेस में होंगे जो कि हर परिस्थितियों पर नजर बनाएंगे। कुल 300 वार्डनों की ड्यूटी मोहन नगर चौराहा पर लगाई जाएगी। एके ठाकुर, एके जैन को पुनः डिविजनल वार्डन, डिप्टी डिविजनल वार्डन मंजूर हसन बनाये गए। इस अवसर पर एडीसी गुलाम नवी, एके ठाकुर, ए के जैन, मंजूर हसन, अशोक कुमार, रमन सक्सेना, किशोरी लाल आदि लोग मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों में जुटा हापुड़ प्रशासन

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में आगामी शिवरात्रि कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। कांवड़ यात्रा को लेकर मास मदिरा की दुकान को तिरपाल से ढका जाए। साथ ही कांवड़ मार्ग की 30 जून तक मरम्मत कर ली जाए। जबकि सुरक्षा के लिए ड्रोन और उउळश कैमरे लगाएं गए है। सोमवार की शाम डीएम ने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश डीएम अभिषेक पांडेय ने बताया कि इस बार लाखों कांवड़िये आएंगे। नगरीय क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी साफ-सफाई की जिम्मेदारी संभालेंगे। विद्युत विभाग को नीची बिजली की तारों को ऊंचा करने और खंभों पर पॉलिथीन लगाने के निर्देश दिए गए हैं। पशु चिकित्सा अधिकारी आवारा पशुओं को कांवड़ मार्ग से दूर रखेंगे। सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत 30 जून तक पूरी करनी है। मंदिर प्रबंधन को आदेश दिया गया है कि शिविर सड़क या बिजली लाइन के नीचे नहीं लगेंगे।

एसपी केजी सिंह बताया कि सभी शिविरों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किया है। कर्मियों का पुलिस सत्यापन भी जरूरी होगा। शिविरों में अग्निशमन उपकरण और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहेगी।

# आओ योग करें






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सीएसएचपी पब्लिक स्कूल प्रताप विहार गाजियाबाद में सभी विद्यालय के मेंबरगढ़ तथा विद्यालय के छात्रों ने योग किया।

# इंदिरापुरम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया बलिदान दिवस



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उनकी भारत की एकता और अखंडता में महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया गया। मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर में परमिट व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया और अपनी जान कुर्बान कर दी। आज भी उनके बलिदान को पूरे देश में मनाया जाता है, और उनकी विरासत को जीवित रखा जाता है। पूर्व मण्डल अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि मुखर्जी का सपना था कि देश एक होकर आगे बढ़े और उन्होंने इसके लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और धारा 370 और 35ए को समाप्त करने में सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर किशोर ठाकुर, दिनेश सिंह, अनिल मेहंदीरत्ता, अपर्णा मिश्रा, संजीव शर्मा, सुनील चौहान, उमा शंकर तोमर आदि लोग मौजूद रहे।

# सहयोग ट्रस्ट ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वसुंधरा सेक्टर-15 में लगाया योग शिविर






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वसुंधरा सेक्टर-15, गाज़ियाबाद में सहयोग ट्रस्ट द्वारा आयोजित योग शिविर में स्कूली बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। योगाचार्य संदीप प्रसाद (नोएडा) के मार्गदर्शन में सभी ने योगाभ्यास किया। सहयोग ट्रस्ट की बेटियों ने कोच संतोष के नेतृत्व में आत्मरक्षा हेतु मार्शल आर्ट प्रदर्शन किया। मुख्य रूप से उपस्थित रहे : कादम्बरी कौशिक, सुभाष प्रधान, एस.पी. शर्मा। गणमान्य अतिथियों में विशेष उपस्थिति रहीः बलराम त्यागी, प्रमोद त्यागी, एच.के. चौहान, गुंजन श्रीवास्तव, श्रीकांत शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता हरीश मल्होत्रा, विरेंद्र कंडेरे, वसुंधरा मंडल महिला मोर्चा की सभी बहनें, मदन मोहन भाटिया, आर.एन. शर्मा, अनुराग मिश्रा, विकास यादव, कार्तिक शर्मा, पंकज शर्मा, संतोष त्रिपाठी, पुलकित गोयल, के एन भट्ट, नेहा तोमर आदि।

Center for Sight, Yes Bank Your Dental Clinic का योगदान सराहनीय रहा। अंत में, सहयोग ट्रस्ट की चेयरमैन व भाजपा वसुंधरा मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष निशि त्यागी एवं निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने सभी आगंतुकों, अतिथियों और सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राणा प्रताप स्कूल में मनाया गया योग दिवस





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राणा प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल लोहिया नगर, गाजियाबाद में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष का थीम था 'एक धरती, एक स्वास्थ्य', जिसके माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ को न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बल्कि पर्यावरण संरक्षण व वैश्विक कल्याण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ पूनम शिशौदिया के उद्बोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने योग के महत्व एवं इसके दैनिक जीवन में योगदान पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम में कुलदीप त्यागी पार्षद लाल क्वार्टस, लोहिया नगर ने भी भाग लिया। प्रशिक्षित योग शिक्षक द्वारा विविध योग क्रियाएँ जैसे ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, एवं अनुलोम-विलोम कराए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य के साथ-साथ प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। एक धरती, एक स्वास्थ्य विषय ने सभी को यह संदेश दिया कि स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ पर्यावरण भी उतना ही आवश्यक है। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी को प्रतिदिन योग को अपने जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया तथा कार्यक्रम में सहभागिता के लिए सभी का धन्यवाद किया।

# इस्राइल का दावा- तेहरान में सरकारी ठिकानों को बनाया निशाना, कुख्यात एविन जेल पर भी किया हमला



**दुबई ।** बसीज बल भी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स का हिस्सा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, ईरानी तानाशाह ने इस्राइली नागरिकों पर हमला किया है और अब उसे पूरी ताकत से सजा दी जाएगी।

इससे पहले, ईरानी सरकारी टेलीविजन ने बताया था कि तेहरान में स्थित ईरान की कुख्यात एविन जेल के गेट के पास एक संदिग्ध इस्राइली हवाई हमला हुआ। ईरानी मीडिया का अनुमान है कि यह हमला एक ड्रोन द्वारा किया गया हो सकता है। रिपोर्ट में कथित तौर पर हमले की ब्लैक एंड व्हाइट फुटेज साझा की गई। यह जेल दोहरी नागरिकता वाले और पश्चिमी देशों से जुड़े कैदियों को रखने के लिए बदनाम है। जिन्हें ईरान अक्सर पश्चिमी देशों के साथ बातचीत में सौदेबाजी के लिए इस्तेमाल करता है।

एविन में राजनीतिक कैदियों और पश्चिमी देशों से संबंध रखने वाले लोगों के लिए विशेष इकाइयां भी हैं, जिन्हें केवल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के अधीन काम करने वाले रिवोल्यूशनरी गार्ड चलाते हैं। यह जेल अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा पहले से ही प्रतिबंधों का सामना कर रही है।

इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने दावा किया कि उसकी वायुसेना (आईएएफ) के लड़ाकू विमानों ने ईरान की राजधानी तेहरान में स्थित आंतरिक सुरक्षा बलों और आईआरजीसी के कमांड सेंटर्स और ठिकानों को निशाना बनाकर हमला किया है। आईडीएफ ने बताया कि यह हमला सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया, जो कि इस्राइली सैन्य खुफिया विभाग द्वारा प्रदान की गई थी।

**इस्राइली रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस्राइल अब ईरान की राजधानी तेहरान में ईरानी सरकार के ठिकानों पर हमला कर रहा है। इनमें कुख्यात एविन जेल भी शामिल है। अन्य जिन ठिकानों पर हमला किया जा रहा है, उनमें अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) का सुरक्षा मुख्यालय, शहर का फलस्तीन स्क्वायर और बसीज वॉलंटियर कॉर्प्स की इमारत शामिल है**

किन-किन ठिकानों पर हुआ हमला बसीज मुख्यालयः इस्लामी क्रांति गार्ड बल (आईआरजीसी) की सबसे शक्तिशाली इकाइयों में से एक बसीज है। यह संगठन न केवल हथियारबंद बल है, बल्कि यह इस्लामी कानून को लागू करने, लोगों पर नजर रखने और सरकार को रिपोर्ट करने का भी काम करता है। इसे सीधे आईआरजीसी के अधीन माना जाता है।

# ईरान की सबसे खतरनाक मिसाइल है खुर्रम शहर-4, जिसने इस्राइल में मचाई तबाही



**तेहरान।** अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरान ने रविवार को इस्राइल पर हमले किए। इन हमलों में ईरान ने अपनी सबसे शक्तिशाली और बड़ी मिसाइल खुर्रमशहर-4 का इस्तेमाल किया। ईरान ने 40 मिसाइल दागकर इस्राइल को काफी नुकसान पहुंचाया। इस मिसाइल को इराक के खिलाफ युद्ध में भी इस्तेमाल किया गया था। आइए जानते हैं इसकी खासियत ईरानी शहर के नाम पर बनी है मिसाइल ईरान ने खुर्रमशहर-4 मिसाइल का नाम ईरानी शहर खोर्रमशहर के नाम पर रखा है। इसे 1980 के दशक में हुए ईरान-इराक युद्ध में भी इस्तेमाल किया गया था। इसे खेइबर मिसाइल के नाम से भी जाना जाता है। खेइबर से एक यहूदी किला है और जो अब सऊदी अरब में है।

दो हजार किमी रेंज और 1500 किलो पेलोड ले जाने की क्षमता ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने बताया कि अमेरिकी हमलों के बाद इस्राइल पर दागी गई 40 खुर्रमशहर-4 मिसाइल की रेंज दो हजार किमी है। साथ ही यह 1500 किलो तक पेलोड लेकर जा सकती है। ईरानी सरकारी टीवी पर दिखाए गए मिसाइल के फुटेज में दावा किया गया कि यह ईरान की सबसे बड़ी मिसाइल है।

## अमेरिका ने किए थे ईरान पर हमले

अमेरिका ने इस्राइल के साथ खुली जंग में कूदते हुए ईरान के तीन मुख्य परमाणु ठिकानों फोर्डो, नतांज व इस्फहान पर बमधारी कर उन्हें तबाह कर दिया। ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के तहत अमेरिका के सात बी-2 बमवर्षकों ने रविवार तड़के फोर्डो परमाणु ठिकाने पर 14 हजार किलो के 14 बंकर बस्टर बम गिराए और नौसेना की पनडुब्बियों ने नतांज और इस्फहान के परमाणु स्थलों पर 30 टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दागीं। ईरान ने दिया जवाब इसके जवाब में ईरान ने तत्काल अमेरिका के किसी ठिकाने को तो निशाना नहीं बनाया।

# कनिष्क विमान हादसे की बरसी: केंद्रीय मंत्री ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि, हमले में 329 यात्रियों की हुई थी मौत





**लॉर्क ।** आयरलैंड में कनिष्क विमान हादसे की बरसी पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मृतकों को श्रद्धांजलि दी। कॉर्क में अहाकिस्ता मेमोरियल में आयरलैंड के कई नेता मौजूद रहे। 1985 में हुए इस हमले में एअर इंडिया के विमान में सवार 329 यात्रियों की मौत हुई थी।

हादसे की बरसी पर हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के अलावा आयरिश प्रधान मंत्री माइकल मार्टिन, कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी और अन्य लोग शामिल हुए। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में अरविंदर सिंह लवली (दिल्ली विधायक), बलदेव सिंह औलाख (उत्तर प्रदेश के मंत्री), गुरवीर सिंह बराड़ (राजस्थान के विधायक), त्रिलोक सिंह चीमा (उत्तराखंड के विधायक) और नरिंदर सिंह रैना (जम्मू और कश्मीर के विधायक) भी शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यह त्रासदी कोई दुर्घटना नहीं थी। यह एक जानबूझकर किया गया जघन्य हमला था, जो कट्टरपंथी आंदोलनों से जुड़े चरमपंथी तत्वों द्वारा किया गया था। वे आज भी आतंक के माध्यम से देशों को कमजोर करना चाहते हैं। आतंकवाद और उग्रवाद आज भी एक बहुत बड़ा खतरा बना हुआ है, जिसे हमारे कई देश बहुत अच्छी तरह से जानते हैं।

उन्होंने कहा कि अक्सर यह बात भुला दी जाती है कि आतंकवादी सबसे बुनियादी अधिकार, जीवन के अधिकार को छीन लेते हैं। चाहे 9/11, 26/11 या पहलगाम की घटना हो, प्रभाव बिल्कुल एक जैसे ही होते हैं। ऐसे निर्दोष लोगों की जान चली जाती है, जिनका मतभेदों से कोई लेना-देना नहीं होता। भारत की ओर से मैं वैश्विक समुदाय से हमारी साझा जिम्मेदारी को याद रखने का आह्वान करता हूं। मैं विशेष रूप से हमारे कनाडाई मित्रों से इस समस्या का मुकाबला करने में हमारे द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने का आह्वान करता हूं।

# प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू: हम ईरान में अपने लक्ष्य हासिल करने के करीब



**तेल अवीव ।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को इस्राइली सेना द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन राइजिंग लायन को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि इस्राइल ईरान में बैलिस्टिक मिसाइलों और परमाणु कार्यक्रम के खतरों को दूर करने के अपने लक्ष्यों के बहुत करीब है।

नेतन्याहू ने रविवार को तेल अवीव में इस्राइली पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम जरूरी कामों को करते रहेंगे, लेकिन जल्बाजी में कुछ खत्म नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जब हमारे मकसद पूरे हो जाएंगे, तब ऑपरेशन राइजिंग लायन बंद कर दिया जाएगा और लड़ाई भी खत्म हो जाएगी। हमें मिटाना चाहता है ईरान नेतन्याहू ने आगे कहा कि मुझे इसमें कोई शक नहीं है कि ईरान की सरकार हमें मिटा देना चाहती है। इसलिए हमने अपने अस्तित्व के लिए दो ठोस खतरों को खत्म करने के लिए ऑपरेशन राइजिंग लायन की शुरूआत की, इन खतरों में परमाणु खतरा और बैलिस्टिक मिसाइल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हम धीरे-धीरे इन खतरों को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हम उन्हें पूरा करने के बहुत करीब हैं।

अमेरिका ने चीन से ईरान को समझाने की अपील की इस बीच, अमेरिका ने चीन से अपील की है कि वह ईरान को समझाए कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद न करे। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को बयान देते हुए कहा कि अगर ईरान यह जलमार्ग बंद करता है, तो इससे पूरी दुनिया की तेल आपूर्ति और व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। मार्को रुबियो ने कहा कि, 'चीन की ईरान के साथ करीबी बातचीत है, और हम उम्मीद करते हैं कि वह इस स्थिति को शांत करने में मदद करेगा।' अमेरिका की यह अपील ऐसे समय आई है जब क्षेत्र में टकराव का खतरा लगातार बढ़ रहा है। यह जलमार्ग फारस की खाड़ी और अरब सागर के बीच मौजूद है। दुनिया का लगभग 30% तेल यहीं से होकर गुजरता है। अगर यह बंद होता है, तो वैश्विक तेल कीमतों और सप्लाई पर बड़ा असर पड़ सकता है। वहीं इस्राइल से तनाव और अमेरिकी हमले के बीच ईरान की तरफ से लगातार इसे बंद करने की धमकी से वैश्विक ऊर्जा संकट का खतरा गहराया है। रूस ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर अमेरिका की तरफ से किए गए हमलों की कड़ी निंदा की है। इन हमलों को गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों का गंभीर उल्लंघन है।

# पाकिस्तान की फिर किरकिरी, डोनाल्ड ट्रंप के नोबेल नामांकन पर घर में ही घिरी शहबाज सरकार





**इस्लामाबाद ।** इस्लामाबाद की सियासत में इन दिनों एक नया बखेड़ा खड़ा हो गया है। शहबाज शरीफ सरकार द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए आगे बढ़ाने पर पाकिस्तान में सियासी घमासान मच गया है। खास बात यह है कि ट्रंप की इस सिफारिश के कुछ घंटों बाद ही अमेरिका ने ईरान के तीन अहम परमाणु ठिकानों पर हमला बोल दिया, जिसके बाद पाकिस्तान में सरकार की कड़ी आलोचना शुरू हो गई। पाकिस्तान सरकार ने शुक्रवार को अचानक घोषणा की थी कि भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव कम करने में डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका को देखते हुए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया जाएगा। इसके लिए उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने नॉर्वे में नोबेल कमेटी को सिफारिश पत्र भी भेज दिया। लेकिन ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद इस फैसले पर सवाल उठने लगे हैं। ट्रंप कोई शांति दूत नहीं- पूर्व सांसद मुशाहिद हुसैन पूर्व सांसद मुशाहिद हुसैन ने ट्रंप की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ट्रंप अब कोई 'शांति दूत' नहीं, बल्कि 'युद्ध का समर्थक' बन चुके हैं। उन्होंने पाकिस्तान सरकार से नोबेल की सिफारिश को वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि ट्रंप ने खुद को इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और युद्ध लॉबी के चंगुल में फंसा लिया है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता अली मोहम्मद खान ने भी इस सिफारिश पर सवाल उठाते हुए 'पुनर्विचार' की बात कही। वहीं, पार्टी के थिंक-टैंक प्रमुख रऊफ हसन ने इसे पाकिस्तान के लिए शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा ईरान पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है और ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित करना पाकिस्तान की साख पर धब्बा है।

# ऑस्टिन में स्वचालित टैक्सी सेवा की शुरूआत

## 10 कारों पर एक मानव सुरक्षा चालक भी रखा जाएगा



**टेक्सास ।** टेस्ला कंपनी की बहुप्रतीक्षित रोबोटैक्सी सेवा रविवार दोपहर से ऑस्टिन, टेक्सास में शुरू हो गई। इसमें ग्राहकों से 4.20 डॉलर का एकमुश्त शुल्क लिया जाएगा। इसे स्वचालित ड्राइविंग तकनीक की दौड़ में टेस्ला को अग्रणी बनाने का प्रयास माना जा रहा है।

इलेक्ट्रिक कार कंपनी के भविष्य के रूप में देखा जा रहा यह विकल्प मस्क ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा कि टेस्ला की रोबोटैक्सी सेवा को उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी के भविष्य के रूप में देखा जा रहा है। ऑस्टिन में केवल 10 कारों को एक मानव सुरक्षा चालक के साथ शुरू किया जाएगा। ऑस्टिन के साउथ कांग्रेस क्षेत्र में रविवार सुबह कई ड्राइवर रहित टेस्ला वाहन देखे गए। इनमें ड्राइवर की सीट खाली थी, लेकिन एक यात्री सीट पर व्यक्ति मौजूद था।

सोशल मीडिया पर ड्राइवर रहित टेस्ला की कार के कई वीडियो

टेस्ला ने सामने की सीट पर सुरक्षा निगरानी करने वालों को रखने की योजना बनाई है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उनके पास वाहनों पर कितना नियंत्रण होगा। सोशल मीडिया पर ड्राइवर रहित टेस्ला के वीडियो भी साझा किए गए हैं, लेकिन यह पता नहीं चला कि इनमें यात्री थे या नहीं। टेक्सास में परमिट अनिवार्य करने वाला कानून सितंबर में लागू होगा, रोबोटैक्सी परीक्षण रोकने की अपील कर रहा डेमोक्रेट खेमा शुक्रवार को गवर्नर ग्रेग एबॉट ने स्वचालित वाहनों के संचालन के लिए राज्य परमिट अनिवार्य करने वाला कानून हस्ताक्षरित किया। यह कानून एक सितंबर से लागू होगा। डेमोक्रेटिक सांसदों ने टेस्ला से इस कानून के कारण रोबोटैक्सी परीक्षण रोकने का आग्रह किया था। टेस्ला और गवर्नर कार्यालय ने टिप्पणी के लिए कोई जवाब नहीं दिया है।

# यूएस: मर जाऊं तब भी फलस्तीन समर्थन नहीं छोड़ूगा

## अमेरिकी जेल से छूटने के बाद फलस्तीनी कार्यकर्ता ने भरी हुंकार



**अमेरिका में इस्राइल विरोधी प्रदर्शन के चलते तीन महीने से ज्यादा समय तक हिरासत में रहे फलस्तीनी कार्यकर्ता महमूद खलील ने रिहाई के बाद बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि चाहे उन्हें जेल में डाल दिया जाए या मार दिया जाए, लेकिन वो फलस्तीन के समर्थन में बोलना नहीं छोड़ेंगे**

**न्यूयॉर्क ।** शनिवार को न्यू जर्सी के नेवार्क इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर खलील का जोरदार स्वागत हुआ, जहां कई समर्थकों के साथ अमेरिकी सांसद एलेक्जेंड्रिया ओकासियो-कोर्टेज भी मौजूद रहीं।

महमूद खलील, जो पहले कोलंबिया यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएट स्टूडेंट रह चुके हैं, अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की सख्ती और फलस्तीन समर्थक छात्रों के खिलाफ कार्रवाई का बड़ा चेहरा बन गए थे। वह करीब 104 दिनों तक लुइसियाना के इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर में बंद रहे। रिहाई के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए साफ कहा कि अमेरिका और कोलंबिया यूनिवर्सिटी, दोनों गाजा पर हो रहे 'नरसंहार' में हिस्सेदार हैं और वो इसके खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

खलील ने कहा कि अमेरिकी सरकार इस नरसंहार को फंडिंग दे रही है और कोलंबिया यूनिवर्सिटी इसमें निवेश कर रही है। इसलिए मैं हर हालत में विरोध करता रहूंगा, चाहे मुझे फिर से जेल में डाल दें या मार दें, मैं फलस्तीन के लिए आवाज उठाता रहूंगा। उनकी पत्नी ने हाल ही में बेटे को जन्म दिया है, जिसे देखकर खलील ने कहा कि वो अपने बच्चे के भविष्य के लिए भी यह लड़ाई जारी रखेंगे।

बेबुनियाद आरोप में लगाकर भेजा जेल एलेक्जेंड्रिया ओकासियो-कोर्टेज ने खलील की गिरफ्तारी को अमेरिका के संविधान के पहले संशोधन (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ खलील पर हमला नहीं था, बल्कि हर अमेरिकी नागरिक के अधिकारों पर हमला था। ट्रंप प्रशासन उनकी राजनीतिक सोच से असहमत है, इसलिए बेबुनियाद आरोप लगाकर उन्हें जेल में डाला गया।

कानून के उल्लंघन का आरोप नहीं लगा खलील पर किसी कानून के उल्लंघन का आरोप नहीं लगा है। लेकिन ट्रंप प्रशासन का कहना है कि ऐसे प्रदर्शन जो 'यहूदी विरोधी' या हमास समर्थक नजर आते हैं, उनमें शामिल किसी भी गैर-अमेरिकी को देश से निकाला जाना चाहिए। प्रशासन ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इस्राइल पर हमले का हवाला देते हुए यह रुख अपनाया था।

अमेरिकी कोर्ट ने दिया आदेश हालांकि, अमेरिकी जिला न्यायाधीश माइकल फरबियार्ज ने खलील की रिहाई का आदेश देते हुए कहा कि एक कानूनी निवासी, जिस पर कोई हिंसक आरोप नहीं है और जो भागने की संभावना नहीं रखता, उसे हिरासत में रखना बेहद असामान्य बात है। लेकिन अमेरिकी सरकार ने खलील की रिहाई को चुनौती देते हुए अपील दायर कर दी है।

## बाकी बंदियों के लिए भी आवाज उठाई

खलील ने डिटेंशन सेंटर में बाकी बंदियों के अधिकारों की भी बात उठाई। उन्होंने कहा कि कोई भी इंसान गैरकानूनी नहीं होता। नागरिक हो या प्रवासी, सभी इंसानों के बराबर अधिकार हैं।

# राष्ट्रपति ली ने चुना पहला नागरिक रक्षा मंत्री




**सियोल ।** दक्षिण कोरिया में 64 साल बाद इतिहास रचते हुए राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने देश के रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी एक आम नागरिक को सौंपी है। राष्ट्रपति ली ने पांच बार के सांसद और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता आह्न ग्यू-बैक को देश का नया रक्षा मंत्री नामित किया है। इससे पहले यह पद हमेशा सेना के रिटायर्ड जनरलों के हाथों में ही रहा है। यह फैसला ऐसे वक्त में आया है जब देश के पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्युन समेत कई शीर्ष सैन्य अधिकारी आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। ये अधिकारी पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल के कार्यकाल के दौरान देश में मार्शल लॉ लागू करने में शामिल बताए जा रहे हैं। योन पर बगावत के आरोप हैं और उन्हें राष्ट्रपति पद से हटा दिया गया है। सांसद आह्न ग्यू-बैक लंबे समय से नेशनल असेंबली की रक्षा समिति से जुड़े रहे हैं। इसके अलावा वह उस संसदीय जांच समिति के प्रमुख भी रहे हैं, जिसने पिछले साल यून के मार्शल लॉ लागू करने के पूरे घटनाक्रम की जांच की थी। बता दें कि उस दौरान भारी हथियारों से लैस सैकड़ों सैनिकों को संसद भवन और चुनाव आयोग के दफ्तरों में तैनात किया गया था। जांच एजेंसियों ने इसे लोकतंत्र पर हमला करार दिया। सेना पर नियंत्रण के लिए बड़ा कदम इसी पृष्ठभूमि में दक्षिण कोरिया में यह मांग तेज हुई कि सेना पर नागरिकों का नियंत्रण और मजबूत किया जाए। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ली जे म्युंग ने भी वादा किया था कि वे देश को सैन्य वर्चस्व से मुक्त करेंगे और रक्षा मंत्री पद पर किसी नागरिक को नियुक्त करेंगे। अब उन्होंने अपने वादे पर अमल किया है। पद पर नियुक्ति लगभग तयआह्न ग्यू-बैक को लेकर औपचारिक सुनवाई की प्रक्रिया जरूर होगी।

**Lost and Found**

Lost & FoundVivek Bharadwaj S/o Sanjay Bharadwaj, R/o Flat No. A-363, Nand Gram, Ghaziabad, U.P., 201001, hereby informed that, I have lost the following original copy of the Sale Deed related to property bearing. 1. Mukhtar Nama, Jild No.242, 40/42, 419. Date: 13/06/1996. 2. GDA paper:- I. Possession Letter no-00272/528, 31B, 0272/017773/CC/GMP-93. II. Kabja Patra No- 1724 1, A/363LIG(D/S) Date: 7.10.94. III. Patra Sankhya - 1724, Date:7.10.1994, Nandani Kunj Nand Gram, Ghaziabad. I request that anyone who finds the aforementioned documents, kindly contact-9971269957.

**नाम परिवर्तन**

मैं, शिवानी कुमारी, पुत्री श्री अशोक कुमार, निवासी – ए–535, एस ब्लॉक ए, बिछल गेट, सेक्टर–11, विजय नगर, गाजियाबाद, यह सूचित करती हूँ कि बचपन में मेरे दादा जी और परिवारजन मुझे 'राधा' नाम से पुकारते थे। लेकिन जब मैंने पढ़ाई शुरू की, तब से मैंने अपना नाम 'शिवानी कुमारी' रख लिया और मेरे सभी शैक्षणिक व सरकारी दस्तावेजों में यही नाम दर्ज है। अब से मुझे 'शिवानी कुमारी' नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर भाजपा ने किया श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रभक्त डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क, इंडस्ट्रियल एरिया में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया। मयंक गोयल ने कहा, डॉ. मुखर्जी का बलिदान भारत की एकता और अखंडता के लिए था। उन्होंने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे' का नारा देकर देश की आत्मा को झकझोर दिया। हम सभी को उनके राष्ट्रवादी विचारों को आत्मसात कर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व महापौर आशु वर्मा, विधायक संजीव शर्मा, किसान नेता कृष्णवीर चौधरी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा, पूर्व अध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, महेश अग्रवाल, सरदार एस.पी. सिंह, वीरेश्वर त्यागी, राजेश्वर प्रसाद, अतुल जैन, महामंत्री राजेश त्यागी, बॉबी त्यागी, कामेश्वर त्यागी, धीरज शर्मा, अमित त्यागी, अश्वनी शर्मा, प्रदीप चौधरी सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और आमजन ने भारी संख्या में भाग लेकर डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्र सेवा के उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

# महर्षि वाल्मीकि पार्क में हुआ बृहद पौधरोपण का आयोजन

## गाजियाबाद को पर्यावरण की दृष्टि से नंबर एक बनाना हमारा लक्ष्य : मयंक गोयल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद महानगर के अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में महर्षि वाल्मीकि पार्क में बृहद पौधरोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि के द्वारा किया गया था। इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 11 वर्षों के शासन में उन मुद्दों पर काम किया है जो देश के विकास के लिए देश के पर्यावरण के लिए देश की एकता और अखंडता के लिए देश को वैभव की तरफ ले जाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर अपने गाजियाबाद शहर को पर्यावरण की दृष्टि से एक नंबर बनाएं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वाल्मीकि पार्क में प्रत्येक वर्ष 25 वर्षों से पौधरोपण का कार्यक्रम होता रहा है जिसके लिए मैं प्रदीप चौहान को बधाई देता हूं। इस अवसर पर उन्होंने भगवान अग्रसेन महाराज का चित्र भी भाजपा नेता प्रदीप चौहान को भेंट किया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश पंडित, पार्षद राकेश त्यागी, पार्षद जय कृष्णपाल, पूर्व पार्षद लवली कौर, बीना गांधी, अनिल जिंदल, वरिष्ठ नेता तरुण शर्मा, विनय गर्ग, सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष शक्ति जीनवाल, महानगर अध्यक्ष प्रवीण गहलोत, विपिन सिंह आदि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सर्वप्रथम भगवान वाल्मीकि के चित्र पर माला अर्पण करने के उपरांत पौधरोपण का आयोजन वाल्मीकि पार्क में संपन्न हुआ।

# विभू बंसल ने 56 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का लोकार्पण किया






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा में वार्ड नंबर 3 सभासद राकेश तोमर, वार्ड नंबर 25 सभासद सितारा वार्ड नंबर 7 नरेश भारती, वार्ड नंबर 5 रामश्री के वार्ड में नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल के द्वारा लगभग 56 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह, राजीव जौहर, राजकुमार प्रिन्स नगर पालिका के अधिकारी /कर्मचारी व नगरवासी उपस्थित रहे।

## आर्य समाज गोविन्दपुरम की नई कार्यकारणी का चुनाव आम सहमति से संपन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आर्य समाज कार्यालय गोविन्दपुरम गाजियाबाद पर रविवार को आर्य समाज गोविन्दपुरम के सभी सभासदों की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता आर्य समाज गाजियाबाद के महामंत्री व केन्द्रीय महासभा के महामंत्री सत्यवीर चौधरी व नरेन्द्र पांचाल न की। बैठक में आर्य समाज गोविन्दपुरम का 2024-2025 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में उसको आम सहमति से पास कर दिया गया। चुनाव अधिकारी सत्यवीर चौधरी के नेतृत्व में आर्य समाज गोविन्दपुरम की नई कार्यकारणी का चुनाव आम सहमति से किया गया। सभा में पूनम चौधरी को अध्यक्ष व बिजेन्द्र सिंह खोकर को मंत्री तथा महीपाल सिंह तोमर को कोषाध्यक्ष चुना गया। सभा में से अनिल कुमार, अमर पाल सिंह, बीना त्यागी, कृपाल सिंह वर्मा, रमेश चन्द्रा, मुनेश राठी, महीपाल सिंह बरगोती, राम नाथ सिंह ने व अन्य सभासदों ने भाग लिया। अंत मे नवनियुक्त अध्यक्ष पूनम चौधरी ने सबको धन्यवाद दिया शान्ति पाठ के साथ सभा का समापन किया गया।

# मेरठ रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर बैठक का आयोजन

## जयंत चौधरी सभी समाज को साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं : अनिल कुमार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर एक मीटिंग का आयोजन हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल की जिला कमेटी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र भी दिए गए। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल कुमार ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। और राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों के बारे में बताया। अनिल कुमार ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी दिन-रात अपने मंत्रालय में ईमानदारी से कार्य कर रहे है। जयंत चौधरी सभी समाज को साथ लेकर चलने का काम करते हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन ने सभी कार्यकर्ताओं को पूरी मेहनत और निष्ठा से पार्टी के प्रचार प्रसार में जुट जाने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने किया। इस मौके पर अनिल कुमार मंत्री, क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन, जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिट्ठी, मनोज धामा चेयरमैन, दिल नवाज खान, इंद्रवीर भाटी सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू, अजय पाल प्रमुख, डॉ पूनम गर्ग, हिमांशु नागर, सत्येंद्र तोमर, राम भरोसे लाल मोरिया, रवि वाल्मीकि, मनोज राठी, सुमन चौधरी, रेखा चौधरी, लोकेश चौधरी, जगराज बालियां, रामकुमार पवार, प्रदीप मुखिया, तुषार बंसल, देशराज दुहाई, प्रदीप त्यागी, मनिंदर बिल्ला, दीपू शर्मा, लोकेश कटारिया, वीर सिंह सलेमाबाद, अरुण शर्मा, सतपाल सलेमाबाद, नरेंद्र सिंह, जयवीर नेहरा, आलोक चौधरी, तेजवीर दबाना, नीरज नबीपुर, रईस नेताजी, सुशील सैनी, रणजीत सिंह तेवतिया, दीपक चौधरी, मनीष किलहोदा, दिनेश शर्मा, विशाल चौधरी, ललित सेन, मुन्ना खान, अभिषेक शर्मा, सरफराज I, जीतेंद्र मोनू, रवि हरित, संजय सागवान, संजीव अरोड़ा, विनोद गौतम, अमित त्यागी, योगेश कुमार, इरशाद रंगरेज, चंद्रपाल डायरेक्टर, मनवीर बंसल, कुर्बान अली, सरताज खान, इंदरपाल कसना, हाजी असलम खान, ऋषिपाल, देवा, रहीश कुरैशी, प्रदीप नेहरा, आदि लोग उपस्थित रहे।

# नेहरू नगर समुदाय केंद्र में 100 वार्डों के समस्त सफाई नायकों की बैठक संपन्न

## 'सफाई नायकों की समस्या के प्रति निगम सजग नहीं'



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू नगर समुदाय केंद्र में नगर निगम गाजियाबाद में कार्यरत 100 वार्डों के समस्त सफाई नायकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा पूर्व पार्षद प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने अपने संबोधन में कहा कि गाजियाबाद नगर निगम दिल्ली के साथ सटा हुआ एक बड़ा ही महत्वपूर्ण जिला है जहां कि सफाई व्यवस्था दिल्ली से भी बेहतर है परंतु सफाई कर्मचारियों की सफाई नायकों की समस्या के प्रति नगर निगम गाजियाबाद का निगम प्रशासन पूरी तरह से सजग नहीं है। आज भी सरकार पूरी सुविधाओं के साथ सफाई कर्मचारी वर्ग का कल्याण कर रही है परंतु निचले स्तर पर अधिकारियों में इन परिवारों के प्रति गंभीरता नहीं नजर आत। इसके मद्देनजर आगामी माह में गाजियाबाद की सफाई नयागढ़ सफाई कर्मचारियों की एक पंचायत का आयोजन स्थानीय कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा सांसद, अतुलकर विधायक गणों के साथ एक संवाद बैठक रखी जाएगी जिसके माध्यम से पूरे प्रदेश की समस्याओं को उनके समक्ष रखा जाएगा। मैं आप सब लोगों को आश्वासन और भरोसा दिला सकता हूं कि सरकार की नीति और नियत इस वर्ग के लिए बिल्कुल साफ है। सरकार की योजनाएं निचले स्तर पर अधिकारियों की लापरवाही के चलते इस वर्ग को गुमराह कर रही है। हमारी इस पंचायत में हमारी बातों को प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा जिसमें प्रदेश के सफाई मजदूर संघ के नेता भी हिस्सा तो लेंगे। निगम के अधिकारियों की भी ऐप 11 से हाजिरी सुनिश्चित की जानी चाहिए। जब सफाई कर्मचारी की हाजिरी ऐप से हो रही है तो अन्य कर्मचारियों की क्यों नहीं। इसके साथ कुछ अन्य मुद्दे भी हैं जिनको अपने नेटवर्क के समक्ष रखेंगे। बैठक का आयोजन नगर निगम सफाई नायक संघ स्थान निकाय सफाई मजदूर संघ के संयुक्त प्रयासों से किया गया था जिसमें कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष शक्ति जीनवाल ने किया। महानगर अध्यक्ष प्रवीण गहलोत, सनी, नीरज वाल्मीकि, राजपाल वाल्मीकि, संजय टांक, मनोज बाल्मीकि, सोनू दीवान, राजेंद्र चौहान इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# हाउस टैक्स वृद्धि को 10% तक सीमित किया जाये सिविल सोसाइटी ऑफ गाजियाबाद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की सिविल सोसाइटी के अत्यंत वरिष्ठ शीर्ष पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मुलाकात की। गाजियाबाद सिविल सोसाइटी का मतलब है आरडब्लूए फेडरेशन गाजियाबाद, फ्लेट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद, लाइन पार आरडब्लूए फेडरेशन और कोरवा-यूपी (कोंफड्रेशन ऑफ आर डब्लू ए - उत्तर प्रदेश)। गाजियाबाद सिविल सोसाइटी के चेयरमेन कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने कहा कि गृहकर में अनावश्यक और अप्रत्याशित वृद्धि का गाजियाबाद का प्रत्येक वर्ग विरोध कर रहा है। यह वृद्धि नियमों के भी विरुद्ध है और परंपरा के भी। जख्मों पर नमक तब लगता है जब सुविधाएं भी न मिलें और टैक्स वसूली बढ़ा दी जाए। गाजियाबाद की सिविल सोसाइटी आप से अनुरोध करती है कि गृहकर की वृद्धि 10% तक सीमित की जाये और रिबेट की तिथि 30 सितंबर तक बढ़ाई जाये। यह निर्णय 30 जून से पहले ले लिया जाए अन्यथा शहर वासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। नगर निगम की सुविधाओं में अनिवार्य स्तर पर 24 घंटे वाटर सप्लाई और वैज्ञानिक तरीके से कूड़ा निस्तारण शामिल है। इन दोनों ही अनिवार्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने में गाजियाबाद नगर निगम विफल रहा है और ऊपर से नागरिकों के गृहकर में एक साथ 3 गुणा वृद्धि कर दी है जो किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है। अत: अंतिम अनुरोध है कि गृहकर की वृद्धि को 10% तक सीमित किया जाये और रिबेट को 30 सितंबर तक बढ़ाया जाये।

## 'रिबेट की तिथि 30 सितंबर तक बढ़ाई जाए'

### हाउस टैक्स में वृद्धि 3 गुणा नहीं बल्कि 1.75 गुणा हुई : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने एक घंटे तक सिविल सोसाइटी की बात सुनने के बाद नगर निगम के द्वारा किए गए नए कार्यो का विस्तृत विवरण दिया। नगर आयुक्त ने कहा कि हाउस टैक्स जमा करने की तिथि 30 सितंबर तक बढ़ाने का पूर्ण प्रयत्न किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गृहकर वृद्धि को रोकने के लिए दिये गए प्रस्ताव को राज्य सरकार को संस्तुति के साथ भेजा जाएगा। नगर आयुक्त ने कहा कि गृह कर में वृद्धि 3 गुणा नहीं बल्कि 1.75 गुणा हुई है। सिविल सोसाइटी ने एक स्वर में कहा कि हमें यह भी मंजूर नहीं है केवल 10% वृद्धि की जाये यानि 1000 के बिल पर 100 रुपए।



गाजियाबाद, करंट क्राइम। आरडब्ल्यूए के शीर्ष पदाधिकारी नगर आयुक्त से मिलने के बाद चेयरमैन कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी के साथ तस्वीर खिंचवाते हुए।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश रोज नई ऊंचाइयों को छू रहा : डॉ. सौलत पाशा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा सरकार का नेतृत्व करते हुए मोदी सरकार के 11 साल 9 जून को पूरे हो गए हैं। इससे पहले केंद्र सरकार ने ई-बुक जारी कर 11 सालों की उपलब्धियां गिनाई हैं। इसे 'विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल' नाम दिया गया है। पिछले 11 वर्षों में हमारी सरकार ने युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। नई शिक्षा नीति के साथ कौशल विकास और स्टार्टअप्स पर फोकस से हमारे युवा 'विकसित भारत' के संकल्प के अहम भागीदार बने हैं। ये हमारे लिए अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि आज देश का युवा राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और देश तरक्की कर रहा है।

## मोदी सरकार ने 11 सालों में उठाए जनहितकारी कदम : अतुल त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अध्यक्ष भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ एवं अध्यक्ष गोविंदपुरम गौर होम्स आरडब्लूए अतुल त्यागी ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा 11 सालों में जो कदम उठाए गए हैं उनसे आम जिंदगी बदल गई है। पिछले 11 सालों में दुनिया ने भारत की आर्थिक और सामरिक स्थिति को देखा है लेकिन गरीब कल्याण को लेकर नरेंद्र मोदी ने कुछ ऐसी योजनाएं शुरू की हैं जो परिवर्तनकारी हैं। 9 जून को सरकार के 11 साल पूरे हो गए हैं। यह जनता का विश्वास है जो लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी सत्ता में बने हुए हैं। इस साल की शुरूआत में महाकुंभ प्रयागराज में था वहां छोटे से छोटा रिहेड़ी वाला भी यूपीआई पेमेंट ले रहा था। अगस्त 2014 में प्रधानमंत्री बनने के चंद महीने बाद नरेंद्र मोदी ने जनधन योजना शुरू की इसमें जीरो बैलेंस में बैंक खाता खोला गया। यदि इतनी बड़ी संख्या में बैंक खाते ना खोले गए होते तो शायद यूपीआई पेमेंट को भी सफल नहीं किया जा सकता था। इसके अलावा पीएम मोदी जो भी योजनाएं लाए हैं वह सभी सफल रही हैं। आज सभी भारतीयों को पीएम मोदी पर गर्व है।

# एनबीए राइजिंग स्टार इनविटेशनल 2025 सिंगापुर

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाज़ियाबाद का बास्केटबॉल दल 23 से 29 जून 2025 तक सिंगापुर में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्कूल स्तरीय टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना। एशिया पैसिफिक क्षेत्र की चुनी गई 12 स्कूल टीमों में से नेहरू वर्ल्ड स्कूल भारत की एकमात्र प्रतिनिधि टीम है। पहला मैच 24 जून को ऑस्टेलिया के साथ खेला जाएगा। इस टूर्नामेंअ में ऑस्टेलिया, न्यूजीलैंड़, चीन, जापान, साउथ कोरिया, फिलीपीस, थाईलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया, मलेशिया आदि देशों की टोम भाग लेंगी। यह उपलब्धि टीम की खेल प्रतिभा, समर्पण और उल्लेखनीय उपलब्धियों का परिणाम है। कोच प्रदीप तोमर, विजय सिंह एवं शशांक सिरोही के नेतृत्व में स्कूल टीम के खिलाड़ी : 1. सुजल धारीवाल, 2. आयूष कुमार, 3. शौर्य पांड़े, 4. अमय गुप्ता, 5. अंश तोमर, 6. अवि चौहान, 7. दर्शिल सिंह, 8. मानसिंह, 9. अभ्युपांग मिश्रा, 10. जतिन शर्मा नेहरू वर्ल्ड स्कूल ने इसी के उपलक्ष में एक प्रेस कॉन्फ्रेस का आयोजन किया। जिसमें एग्जीक्यूटिव हैड सुसन होम्स, प्रधानाचार्या मंजुला सिंह, प्रबंधक के०पी० सिंह, कोच प्रदीप तोमर व विजय सिंह उपस्थित रहे।

# पार्षद विनय चौधरी ने बिजली विभाग के साथ मिलकर बिजली पोल लगवाए




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)** सोमवार को वार्ड 68 बृज विहार के पार्षद विनय चौधरी ने बिजली के खंभे लगवाए हैं। जहां पार्षद ने अपने वार्ड में बिजली की समस्याओं को हल करने के लिए पहल की है। पार्षद विनय चौधरी ने बिजली विभाग के साथ मिलकर बृज विहार के सी ब्लॉक में 10 नई पोल लगवाए हैं। वार्ड 68 में स्थानीय लोगों ने पार्षद से जर्जर पोल की शिकायत की थी, लोगों की समस्या को देखते हुए आज पार्षद ने 10 पोल नए लगवाए हैं। पार्षद विनय चौधरी ने बताया कि सी ब्लॉक में कई पोल जर्जर की हालत में थे, कई बार लोगों के शिकायत थी कि पोल जर्जर हो चुके हैं। बिजली विभाग के सहयोग से सोमवार को नए पोल लगाए गए हैं।

## संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान की बैठक संपन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान जुलाई 2025 के अंतर्गत सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद के निर्देशन अनुसार संचारी रोगों (डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया इत्यादि) के बचाव हेतु संवेदीकरण बैठक आयोजित की गई। जिसमें डॉक्टर सुरुचि सैनी तथा नरेंद्र कुमार सहायक मलेरिया अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों को संवेदीकृत किया गया। प्रशिक्षण बैठक जिला एमजी चिकित्सालय परिसर स्थित आईडीएसपी में संपन्न हुई।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पिता के लिए बेटी उनके स्वाभिमान होती है। बेटी के लिए उसके पापा खुशियों का एक पूरा आसमान होते हैं। बसपा नेता रवि कुमार ने अपनी लाडली बिटिया गौरी के जन्मदिन पर उसे आशीर्वाद दिया और उसके लिए सभी खुशियों की कामना की। गौरी के जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।